सुप्रभात
रांची, शनिवार
29.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 284



12 दानिश की शादी में ढोल की थाप पर नाची राखी सावंत

## न्यूज डायरी

### एनोस एक्का को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** मधु कोड़ा कैबिनेट में मंत्री रहे एनोस एक्का को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। जस्टिस एस बालासुब्रमण्यम और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच में एनोस एक्का की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई।

### अतीक-अशरफ को क्यों पैदल ले गये : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की। कोर्ट ने सरकार से सवाल किया कि आखिर दोनों को अस्पताल एंबुलेंस से न ले जाकर अस्पताल के एंट्री गेट तक पुलिस पैदल क्यों ले गयी?

### विपक्षी एकजुटता देश में जरूरी : हेमंत सोरेन

**रांची।** देशभर में विपक्षी एकजुटता को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने सही करार दिया। श्री सोरेन ने कहा विपक्षी एकजुटता देश में लोकतंत्र के लिए जरूरी है।

### किडनी ट्रांसप्लांट के बाद पहली बार पटना आये लालू

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू यादव शुक्रवार को दिल्ली से पटना पहुंचे। दोपहर करीब 3.20 बजे दिल्ली से अपने पुत्र और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी के साथ वे पटना एयरपोर्ट पहुंचे। वहां राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

### रिश्वत लेने के दोषी प्रधान लिपिक को सजा

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने शुक्रवार को पांच हजार घूस लेने के दोषी सदर अस्पताल के प्रधान लिपिक बिरेश प्रसाद को दो साल की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

### पलामू में मूक-बधिर युवती के साथ दुष्कर्म

**मेदिनीनगर।** पाटन में एक पड़ोसी ने मूकबधिर युवती के साथ दुष्कर्म किया। मामला पाटन के नावाजयपुर थाना अंतर्गत रूदीडीह पंचायत का है। पीड़िता की मां ने शुक्रवार को पड़ोस के दो बच्चों के पिता अवधेश राम (35) पर केस दर्ज कराया है।

### नक्सलियों के बम की चपेट में आकर महिला की मौत

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम के अति नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के मारीदिरी के समीप नक्सलियों के अइइडी बम धमाके की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गयी। यह पुलिस जवानों को नुकसान पहुंचाने को लगा था। के उद्देश्य से लगाया था, लेकिन इस ब्लास्ट की चपेट में एक महिला आ गयी। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना शुक्रवार अहले सुबह की है। महिला की पहचान पताहातु निवासी गांगी सुरीन के रूप पर हुई है। सुबह वो जंगल गयी थी, इसी दौरान नक्सलियों के द्वारा लगाये गये बम की चपेट में आ गयी। उसके शरीर के चिथड़े उड़ गये।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

---

मुख्यमंत्री ने शुरू की झारखंड की पहली एयर एंबुलेंस सेवा

# सिर्फ अमीरों नहीं, गरीबों को भी देंगे सुविधा : हेमंत

- सबके लिए समान है स्वास्थ्य सेवा, बचेगी गंभीर मरीजों की जान
- मील का पत्थर साबित होगी एयर एंबुलेंस सेवा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज का दिन राज्य के लिए एक महत्त्वपूर्ण दिन है। राज्य के आम नागरिकों को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को एयर एंबुलेंस सेवा शुरू हो रही है। राज्य में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है। शुक्रवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित स्टेट हैंगर में झारखंड की जनता के लिए पहली बार एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। सीएम ने कहा कि गरीबों को पैसे के अभाव में चिकित्सा सुविधा से दूर नहीं रहना पड़ेगा, राज्य सरकार उनका भी खास प्रबंध करेगी। इस सेवा का उपयोग जो पैसे दे सकते वही कर पाएंगे ऐसा नहीं है।

(शेष पेज 11 पर)



#### चिकित्सा सेवा मजबूत करना लक्ष्य

सीएम ने कहा, आज जहां एक तरफ हम विकास के नये आयाम को छू रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कोरोना जैसी महामारी हमारे सामने आपदा के रूप में चुनौती बनकर आयी। है। उन्होंने कहा कि कोरोना ने हमें आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने की अहमियत को बताया है। बीमारियों से लड़ने के लिए हम राज्य में स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने का प्रयास कर रहे हैं। अचानक ऐसी कई गंभीर बीमारियां या हादसे सामने आ जाते हैं, जिसमें पीड़ित को बाहर जाना जरूरी हो जाता है। जिन्दगी और मौत का फासला काफी कम होता है, ऐसी परिस्थिति में सड़क मार्ग अथवा रेल मार्ग से मरीज को ले जाने में काफी कठिनाई होती है। इसी को ध्यान में रख इस एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया है।

---

## लिंगराज मंदिर में पूजा कर सीएम ने मांगी झारखंड की खुशहाली

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने ओड़िशा दौरे के क्रम में शुक्रवार को भुवनेश्वर स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक लिंगराज मंदिर गये। धर्मपत्नी कल्पना सोरेन संग विधि- विधान से भगवान त्रिभुवनेश्वर (शिव) की पूजा-अर्चना की। झारखंड और राज्यवासियों की प्रगति, सुख -शांति- समृद्धि, खुशहाली और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे भी साथ थे। उन्होंने भी शीश नवाकर भगवान से आशीर्वाद लिया।

---

हेट स्पीच गंभीर अपराध, सख्ती जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

## राज्य सरकारें बिना धर्म देखे संज्ञान ले कर केस दर्ज करें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हेट स्पीच (नफरती भाषण) पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फिर से सख्त रुख दिखाया है। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जब भी कोई नफरत फैलाने वाला भाषण दे, सरकारें बिना किसी शिकायत के एफआईआर दर्ज करने के लिए स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ किया है कि हेट स्पीच देने वाले व्यक्तियों के धर्म की परवाह किये बिना ऐसी कार्रवाई की जाये ताकि भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को जारी रखा जा सके। पीठ ने कहा, न्यायाधीश अराजनीतिक होते हैं और पहले पक्ष या दूसरे पक्ष के बारे में नहीं सोचते और उनके दिमाग में केवल एक ही चीज है - भारत का संविधान।

(शेष पेज 11 पर)

#### ऐसे रुक सकता है नफरती भाषण



हेट स्पीच के कई मामले पिछले कुछ समय में देखे गये हैं। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं भी दायर की गयी हैं। कोर्ट ने हाल-फिलहाल के समय में सरकारों के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां भी की हैं। पिछले महीने ही हेट स्पीच से जुड़े इसी मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जिस समय राजनीति व धर्म अलग हो जायेंगे और नेता राजनीति में धर्म का उपयोग करना बंद कर देंगे, तब हेट स्पीच बंद हो जायेगी। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहर लाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी के भाषणों का भी जिक्र किया था और कहा था कि उनके समय में दूर-दूर के लोग उन्हें सुनने के लिए आते थे।

#### राज्य सरकारों को बताया था नपुंसक

कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए कहा था कि हर दिन फ्रिंज एलिमेंट टेलीविजन और मंचों से दूसरों को बदनाम करने के लिए स्पीच दे रहे हैं। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने राज्य सरकारों को नपुसंक तक करार दिया था। कोर्ट ने कहा था कि हेट स्पीच की घटनाओं के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। सभी को अपनी इज्जत प्यारी होती है, लेकिन ऐसे बयान दिये जाते हैं कि पाकिस्तान चले जाओ। सच्चाई यह है कि उन्होंने यह देश चुना है। बेंच ने कहा था कि नफरत एक दुष्चक्र है और राज्य को कार्रवाई शुरू करनी होगी।

---

## पीएम मोदी ने लोहरदगा, बड़हरवा और गोड्डा को दी एफएम रेडियो की सौगात

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पीएम मोदी ने वर्चुअल माध्यम से शुक्रवार को राज्य के लोहरदगा, साहिबगंज जिले के बरहरवा और गोड्डा में प्रसार भारती आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर का लोकार्पण किया। लोहरदगा में उदघाटन समारोह में उपस्थित वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि रेडियो हमेशा से लोगों के सूचना का एक बेहतर माध्यम रहा है। आज भी रेडियो का महत्व कम नहीं हुआ है। यहां एफएम ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया जाना निश्चित रूप से गर्व की बात है। इसका लाभ सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। लोगों को सूचनाओं के साथ मौसम और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी। इस दौरान पद्मश्री मधु मनसूख मंसूरी सहित क्षेत्र के कलाकार और अन्य लोग मौजूद थे। गोड्डा में आयोजित समारोह में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने एफएम रेडियो की सौगात देने के लिए पीएम मोदी और सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि वे लगातार एफएम के लिए प्रयासरत थे। प्रसार भारती का पहले से ही गोड्डा में कार्यालय है।

(शेष पेज 11 पर)

---

किट के बुलावे पर पहुंचे ओड़िशा, बच्चों से मिले

## दोनों संस्थान झारखंड में भी बच्चों को मार्गदर्शन दें : हेमंत

**रांची/भुवनेश्वर (खबर मन्त्र)।** सभी की सोच से अलग कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (किट) और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के फाउंडर डॉ अच्युत सामंता ने हजारों गरीब और आदिवासी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का काम किया है, उनका यह प्रयास सराहनीय है। हमारे राज्य में भी सामंता जी आयें और झारखंड के नौनिहालों को मार्गदर्शन दें। यहां के आदिवासी बच्चों के लिए कैसे विकास की पटरी पर चलने का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। इस पर मिलकर कार्य करें। यहां आने वाली पीढ़ी अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए बैठी है। किसी भी समाज का विकास तभी संभव है, जब वह पढ़-लिखकर परिवार और समाज तक शिक्षा का विस्तार कर सके। इसके लिए कार्य करना होगा। उक्त बातें सीएम हेमंत सोरेन ने कही।

(शेष पेज 11 पर)

---

मिलावटी खाद्य पदार्थ मामले में हाइकोर्ट ने कहा

## ठोस जवाब नहीं आया, तो सचिव को हाजिर होना होगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दूध सहित अन्य खाद्य पदार्थों के मिलावट को स्वतः संज्ञान मामले में झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार का जवाब नहीं आने पर कड़ी नाराजगी जतायी। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगली सुनवाई तक अगर संतोषजनक जवाब दाखिल नहीं होता है तो स्वास्थ्य सचिव को कोर्ट में उपस्थित होना होगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 जून निर्धारित की है।

पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार से खाद्य पदार्थों की जांच से संबंधित एक साल का विवरण मांगा था। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि राज्य के जिलों में फूड सेफ्टी ऑफिसर के द्वारा प्रति माह कितने खाद्य पदार्थों (कच्चे और पक्के) के सैंपल को एकत्रित किये गये। इसमें से कितने सैंपल गलत मिले। जो खाद्य पदार्थ के सैंपल गलत पाये गये उनके संचालकों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई।

(शेष पेज 11 पर)

---

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा पर 200 रुपये जुर्माना

**हजारीबाग।** वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन मामले में सुनवाई करते हुए हजारीबाग कोर्ट ने केंद्रीय राज्य मंत्री और अन्नपूर्णा देवी को 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। आचार उल्लंघन मामले सांसद को दोषी ठहराने के बाद मरियम हेंब्रम की कोर्ट ने यह सजा सुनायी। जुर्माना नहीं देने पर एक दिन की सजा काटनी होगी। सजा के बिंदुओं पर केंद्रीय मंत्री सुबह करीब आठ बजे कोर्ट पहुंची थीं। सांसद पर कोडरमा सदर प्रखंड में चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन करने की प्राथमिकी अंचल अधिकारी ने दर्ज कराया था। आरोप था की अन्नपूर्णा देवी ने मतदान केंद्र पर पार्टी का गले में पट्टा लगाकर पहुंची थीं।

**आचार संहिता उल्लंघन**

(शेष पेज 11 पर)

---

एससीओ की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाक को दिखाया आईना, कहा

## आतंक को बढ़ावा मानवता के खिलाफ अपराध

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान की ओर स्पष्ट रूप से इशारा करते हुए शुक्रवार खङआ कि किसी भी तरह का आतंकवादी कृत्य या किसी भी रूप में उसका समर्थन मानवता के खिलाफ एक बड़ा अपराध है। शांति और समृद्धि इस खतरे के साथ सह-अस्तित्व में नहीं रह सकती है। रक्षा मंत्री ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इस दौरान पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को आईना दिखाया। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी एससीओ की बैठक में वर्चुअली शामिल थे।

(शेष पेज 11 पर)

#### चीन को जवाब- नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं



भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी समकक्ष ली शांगफू से दो टूक कहा कि दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों की दरकार है। ऐसे में बॉर्डर एरिया में शांति पहले जरूरी है। सीमाओं पर शांति के बाद ही अच्छे संबंधों को आगे बढ़ाया जा सकता है। गलवान घाटी की घटना के बाद चीनी रक्षा मंत्री का यह पहला भारत दौरा है और वे नई दिल्ली में एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। राजनाथ सिंह और चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू के बीच हुई मुलाकात में राजनाथ सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा कि बिना बॉर्डर पर शांति हुए, अच्छे संबंधों को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा हालात और पहले हुए समझौते के उल्लंघन की वजह से द्विपक्षीय संबंधों का आधार ही हिल गया है। कहा कि सीमा के मुद्दों को दोनों देशों के बीच हुए समझौते के आधार पर ही सुलझाया जाना चाहिए।



# हेल्थ इमरजेंसी में सस्ती व सर्वसुलभ एयर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराना लक्ष्य : हेमंत

### राज्य सरकार का संवेदनशील प्रयास, जीवन रक्षा को मिली उड़ान




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्टेट हैंगर में एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करते हुए कहा कि अभी तक राज्य के आम नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में एयर एम्बुलेंस सेवा प्राप्त करने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ता था। कोई ऐसा डेडिकेटेड सेल नहीं था, जहां सम्पर्क स्थापित कर आसानी से एयर एम्बुलेंस की सेवा प्राप्त की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, चेन्नई जैसे महानगरों में ऱएयर एम्बुलेंस सेवा प्रदाता से सम्पर्क स्थापित कर काफी मशक्कत के बाद राज्य में एयर एम्बुलेंस उपलब्ध हो पाता था। साथ ही इसकी लागत इतनी अधिक थी कि वो आम जनता की पहुँच के लगभग बाहर ही था। इन्हीं समस्याओं के समाधान तथा राज्य की जनता को हेल्थ इमरजेंसी में सस्ती एवं सर्वसुलभ एयर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने की सोंच के साथ इस सेवा का शुभारम्भ किया गया है।

**दूरभाष पर सम्पर्क कर अथवा ई-मेल के माध्यम से एयर एम्बुलेंस की सेवा प्राप्त कर सकेंगे : :** हेमन्त सोरेन ने कहा कि नागर विमानन प्रभाग द्वारा एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए राज्य स्तरीय एक सेल का गठन किया गया है। अब राज्य की जनता दूरभाष पर सम्पर्क कर अथवा ई-मेल के माध्यम से एयर एम्बुलेंस की सेवा प्राप्त कर सकती है। आवेदक को दूरभाष पर ही गंतव्य के अनुसार संभावित व्यय से अवगत कराया जायेगा। आवेदक की सहमति के उपरांत एयर एम्बुलेंस ऑपरेटर द्वारा 02 घंटे के अंदर एयरक्राफ्ट को तैयार करने का प्रावधान रखा गया है, ताकि जरूरतमंद को जल्द से जल्द गंतव्य तक पहुंचाया जा सके। इस सेवा के अंतर्गत आम नागरिकों की सहुलियत के लिए फ्लाईट को रि-शिड्यूल करने का प्रावधान भी रखा गया है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्त्तमान में रांची से नई दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, वाराणसी, लखनऊ एवं तिरूपति प्रमुख गंतव्य के रूप में निर्धारित किए गए हैं। रांची के अलावा देवघर, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद, गिरिडीह एवं दुमका में भी यह सेवा उपलब्ध होगी।

### सेवा के प्रमुख मार्ग और रेट

| सेवा के प्रमुख मार्ग | रेट |
|---|---|
| रांची-नई दिल्ली | 5 लाख |
| रांची-मुंबई | 7 लाख |
| रांची-चेन्नई | 8 लाख |
| रांची-कोलकाता | 3 लाख |
| रांची- हैदराबाद | 7 लाख |
| रांची-वाराणसी | 3.30 लाख |
| रांची-लखनऊ | 5 लाख |
| रांची-तिरुपति8 | लाख |

### जल्द सैकड़ों एंबुलेंस सेवा राज्य को मिलेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आपकी सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कड़ी जोड़ने का प्रयास किया है। झारखण्ड की भगौलिक संरचना विषम है। ऐसी स्थिति में स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराना एक चुनौती कहीं-कहीं आकर खड़ी होती है। इस क्रम में लोगों को सैकड़ों एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गई है। इन परिस्थितियों को देखते, समझते हुए स्वास्थ्य सेवाओं पर कई बदलाव होता रहा है। आज हम लोगों ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में जहां बड़े वाहन नहीं जा सकते हैं। वहां मोटरसाइकिल एंबुलेंस सेवा भी देना प्रारंभ कर दिया है। बहुत जल्द सैकड़ों एंबुलेंस राज्य को मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई तकनीकी सहायता भी हम लोग ले रहे हैं। रिम्स को लेकर कई बार सकारात्मक और नकारात्मक सूचनाएं प्राप्त होती हैं। लेकिन रिम्स परिसर में भी सरकार ने दुनिया की बेहतरीन तकनीक से लैस आधुनिक मशीनों को स्थापित किया है। यहां जटिल बीमारियों का भी इलाज संभव हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में जब तक मानव जीवन है तब तक चुनौती बना रहेगा, लेकिन इन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए हमें कैसे आगे बढ़ना है। यह भी हमें चिंता करने की जरूरत है। आलोचनाएं होनी चाहिए। लेकिन वह बेहतर दिशा के लिए होनी चाहिए।

### आजसू मोरहाबादी से हरमू मैदान तक कल निकालेगी सामाजिक न्याय मार्च

**रांची।** आजसू पार्टी का रांची में सामाजिक न्याय मार्च 30 अप्रैल को होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि सामाजिक न्याय मार्च में राज्य के कोने-कोने से हजारों कार्यकर्ता रांची कूच करेंगे तथा बापू वाटिका, मोरहाबादी से हरमू मैदान तक पैदल मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी अप्रैल को सामाजिक न्याय महीना के रुप में मना रही है। इस दौरान पूरे महीने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे से सामाजिक न्याय मार्च का भी आयोजन किया जाएगा। सरकार का वादा था खतियान आधारित नियोजन नीति 1932 लागू करना और हर साल पांच लाख नौकरी देना, लेकिन इस पर सरकार विफल रही है। 60, 40 जैसी नीति लेकर सरकार आयी और जब युवा न्याय के लिए निकले तो उनसे बात करने के बजाय लाठी-डंडे से पीटा गया।

## छात्रों को फेल किये जाने पर आजसू ने किया हंगामा

### कुलपति की छात्रों के साथ बैठक, जल्द होगा समाधान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी विवि (डीएसपीएमयू) के सीए और आईटी डिपार्टमेंट में 70 फीसदी छात्र फेल कर गये हैं। इसके विरोध में शुक्रवार को आजसू छात्र संघ ने विवि परिसर में हंगामा किया। छात्रों का आरोप है कि मैथ की परीक्षा में 70 फीसदी छात्रों को फेल कर दिया गया है। यही हाल जनसंचार विभाग का भी है। यहां भी बड़ी संख्या में छात्रों के फेल होने का मामला सामने आया है। इसे लेकर छात्रों ने वोकेशनल बिल्डिंग के समक्ष करीब चार घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया।

इसके बाद कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने छात्रों को समझा-बुझाकर कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठाया और उनसे सारा कुछ लिखित में मांगा।

**मूल्यांकन कर जल्द होगा समस्या का समाधान :** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि 500 स्टूडेंट्स में 20 के फेल होने की बात सामने आ रही है। इसका डाटा विभाग और एग्जामिनेशन डिपार्टमेंट से मंगवाया गया है। मूल्यांकन कर समस्या का समाधान कराया जाएगा. छात्र-छात्राओं को परेशान नहीं होने देंगे और न ही इनका ईयर बैक लगने देंगे। पहले इसकी पूरी जांच करके जल्द से जल्द समाधान करेंगे। हमारे पास छात्र-छात्राएं आए थे। इन लोगों को हमने कहा है कि अपना रोल नंबर और अन्य डिटेल्स हमें दें।

## किसानों की चिंता बढ़ी, दो दिन तक ओलावृष्टि का अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के किसानों के लिए एक बुरी खबर है। राज्य में दो दिन तक ओलावृष्टि होने की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को इस संबंध में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मौसम केंद्र रांची ने कहा है कि 30 अप्रैल और 1 मई को झारखंड के उत्तरी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि हो सकती है। इससे किसानों की फसल को नुकसान हो सकता है। कहा गया है कि सरसों, फल एवं सब्जियों, दलहनी फसल को नुकसान हो सकता है। मवेशियों को भी नुकसान हो सकता है। इसलिए किसानों से सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है।

**सरसों में हो सकती है अल्टरनेरिया ब्लाइट जैसी बीमारी :** मौसम केंद्र रांची के मुताबिक, खेतों में जलभराव के कारण सरसों की फसलें झुक सकती हैं। उसकी जड़ की वृद्धि बाधित हो जायेगी। तना सड़ जायेगा और अल्टरनेरिया ब्लाइट जैसी बीमारियां हो सकती हैं। ओलावृष्टि की वजह से सरसों की फली गिर जायेगी। इसलिए किसानों को अपनी फसल की समय पर कटाई कर लेनी चाहिए। साथ ही उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखना चाहिए। कृषि क्षेत्र पर ओलावृष्टि का प्रभाव आधारित पूवार्नुमान में कहा गया है कि अगर फली पीली भूरी हो गयी हो, तो उसकी कटाई कर लें।

### रांची समेत कई जिलों में हुई बारिश 30 अप्रैल व एक मई को ओले गिरेंगे

**रांची।** राज्य में शुक्रवार को रांची समेत कई जिलों में गरज के साथ बारिश हुई है। लगातार बारिश और बादल छाये रहने के कारण गर्मी से राहत है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बहुत हल्की से हल्के दर्जे की वर्षा हुई, जबकि एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि भी दर्ज किया गया। सबसे अधिक वर्षा 14.2 मिमी घाटशिला (पूर्वी सिंहभूम) में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस रामगढ़ में दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में बताया गया है कि 30 अप्रैल और एक मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। इसके साथ ही राज्य में कहीं-कहीं गर्जन/वज्रपात के साथ तेज सतही हवा जिसकी गति 40-50 किमी प्रतिघंटा चलने की संभावना है। एक मई को थंडरिंग व ओलावृष्टि की संभावना है। हालांकि राज्य में चार मई तक आकाश में बादल छाये रहेंगे। जिसके कारण तापमान से राहत की उम्मीद है। उसके बाद तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोत्तरी संभव है।

## अब कलाई पर गुदे टैटू के सहारे युवती के हत्यारों तक पहुंचेगी पुलिस

**रांची/ अनगड़ा।** गुरुवार की रात रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र से बरामद 22 वर्षीया की पहचान करने के लिए रांची पुलिस जुट गयी है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि जिस युवती की गर्दन काट कर हत्या की गई है, उस युवती के बायें हाथ की कलाई में अंग्रेजी में मां शब्द गुदवाया हुआ है। एम कैपिटल लेटर में लिखा हुआ है, जबकि ए शब्द स्मॉल लेटर में लिखा हुआ है। पुलिस को आशंका है कि बाहर से युवती को जंगल में लाकर उसकी निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई है। पुलिस ने प्रथम द्रष्टया में यह आशंका जाहिर की है कि युवती को प्रेम प्रसंग या ब्लैकमेलिंग की वजह से मार दिया गया है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन कर रही हे। पुलिस रांची या बोकारो, रामगढ़ से आनेवाले दोपहिया वाहन और चार पहिया वाहन की भी तलाश सीसीटीवी के माध्यम से कर रही है। गौरतलब हो कि गुरुवार को अनगड़ा के कनकटा पांडू टुंगरी जंगल से आधा सिर कटा हुआ एक युवती का शव बरामद किया गया था। युवती के चेहरे को हत्यारों के द्वारा बुरी तरह से कूच दिया गया था।

## नौ दिनों में झारखंड के कोरोना मरीजों की संख्या हो गयी दोगुनी, 20 जिले चपेट में

### राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 511

### संक्रमित क्षेत्रों से झारखंड आने वाले यात्रियों की कोविड जांच का निर्देश कागजों में सिमटा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते 9 दिनों के अंदर राज्य में संक्रमण की रफ्तार दोगुनी हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़े के मुताबिक 18 अप्रैल को जहां राज्य भर में कुल 226 संक्रमित थे, वहीं 27 अप्रैल को संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 511 हो गयी है। इधर, 9 अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में नेपाल हाउस में बैठक की गई थी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस बैठक में राज्य के सभी जिले के उपायुक्त और सिविल सर्जन भी जुड़े थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कोरोना प्रभावित राज्य (केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़, ओड़िशा, राजस्थान, तमिलनाडु) से झारखंड आने वाले लोगों की कोविड जांच कराने का निर्देश दिया था, लेकिन यह निर्देश कागजों में ही सिमट कर रह गया। जानकारी के मुताबिक कोरोना जांच के लिए मैन पावर की घोर कमी है। इस कारण यह व्यवस्था कायम नहीं हो सकी है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर कोविड जांच नहीं हो रही है।

**संक्रमितों के सैंपल की जीनोम सीक्वेंसींग रिपोर्ट का इंतजार :** रिम्स के जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स विभाग में कोरोना संक्रमितों के सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग शुरू की गयी है, जबकि 12 कोरोना संक्रमितों के सैंपल को सीक्वेंसिंग के लिए आईएलएस लैब भुवनेश्वर भेजा गया है।

### किस जिलों में हैं कितने सक्रिय मरीज

बोकारो : 08, चतरा : 01, देवघर : 25, धनबाद : 14, पूर्वी सिंहभूम : 243, गढ़वा : 01, गिरिडीह : 07, गोड्डा : 04, गुमला : 06, हाजरीबग : 10, खूंटी : 03, कोडरमा : 02, लातेहार : 16, लोहरदगा : 31, पलामू : 12, रामगढ़ : 03, रांची : 86, सरायकेला : 20, सिमडेगा : 10, पश्चिम सिंहभूम : 10 सक्रिय मरीज हैं।

### 10 सूत्री मांगों के समर्थन में जीपीओ रांची परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

**रांची।** रांची जीपीओ परिसर में शुक्रवार को केंद्रीय मुख्यालय के आह्वान पर 10सूत्री मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन दिया गया। धरना-प्रदर्शन में मुख्य रुप से एमजेड खान, साधन कुमार सिंहा,के डी राय व्यथित, त्रिवेणी ठाकुर, डी एन साहू,राजेंद्र महतो,रमेश सिंह,बी बारा,हसीना तिग्गा, रमेश कासी,एल एम पंडित, आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर स्टेट सचिव ने कहा कि आज के धरना-प्रदर्शन के बाद 29 मई को चीफ पीएम जी कार्यालय के समक्ष इन्ही मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और अंत में 21 जुलाई को 10 हजार अधिक से पेंशनर्स देश भर से दिल्ली में जुटेंगे और संसद मार्च में हिस्सा लेंगे। पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन झारखंड के सचिव एमजेड खान ने यह जानकारी दी।

### राहत सोसायटी की ओर से हज तरबियत कैंप तीन को

**रांची।** हर साल की तरह इस साल भी राहत सोसायटी परास टोली डोरंडा की ओर से 03 मई को दिन के 9:30 बजे से परास टोली डोरंडा, रांची, निर्मला कॉलेज के बगल में हज तरबियत कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस तरबियत कैंप में इटकी के मशहूर ट्रेनिर हाजी कौसर आजमीन-ए-हज को तरबियत देंगे। राहत सोसायटी ने यह जानकारी देते हुए यह भी बताया कि इस तरबियत में औरतों के लिए खास इंतजाम किया गया है। साथ ही आजमीन-ए-हज से गुजारिश किया है कि वे समय पर तशरीफ लाकर अराकीन कमेटी को खिदमत का मौका दें तथा ट्रेनिंग कैंप का लाभ उठाएं।

### राजस्थान में बेची गयी रांची की बेटी मुक्त

**रांची।** राजधानी के चान्हों इलाके की रहने वाली 18 वर्षीय युवती को राजस्थान से मुक्त करवा लिया गया है। रांची में सक्रिय मानव तस्करों ने बेहतर नौकरी देने का झांसा देकर युवती को राजस्थान में रहने वाले एक व्यक्ति के हाथों डेढ़ लाख रुपये में बेच दिया था। रांची पुलिस की एक टीम युवती के रेस्क्यू के लिए तीन दिनों से राजस्थान में कैंप कर रही थी। लड़की के गायब होने को लेकर रांची के कोतवाली थाने में स्थित एएचटीयू में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी, जिसके बाद पुलिस की एक टीम राजस्थान जाकर युवती की तलाश कर रही थी। रांची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एएचटीयू की टीम ने युवती को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। पुलिस युवती का रेस्क्यू करने के बाद राजस्थान से रांची के लिए रवाना हो चुकी है।

### नगर निगम की महिला कर्मचारी पर कैंची से हमला


**रांची।** शुक्रवार की दोपहर एक महिला ने दूसरी महिला पर कैंची से हमला कर दिया। हमला करने के बाद महिला फरार हो गई। घटना आरआरडीए बिल्डिंग के पास की है। इस बाबत कोतवाली पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि जिस महिला पर कैंची से हमला किया गया है, उसका नाम नसरीन परवीन है। वह नगर निगम में कांट्रेक्ट के आधार पर काम करती है। पुलिस के मुताबिक, महिला अपने ऑफिस में थी। उसे फोन कर नीचे बुलाया गया। जब महिला नीचे आई तो रांची नगर निगम के बगल में स्थित आरआरडीए बिल्डिंग के पास महिला अपनी ननद और भाभी से मिलने गई। इसी क्रम में ननद ने नसरीन परवीन पर कैंची से वार कर दिया।

## बेरा एक अघोरी फिल्म को 300 सिनेमाघरों में मिली शानदार ओपनिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** निर्माता राजू भारती की हिंदी फिल्म बेरा एक अघोरी, को झारखंड सहित 300 सिनेमाघरों में बंपर ओपनिंग मिली है। हालांकि इस सप्ताह 28 अप्रैल को मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमोशी चक्रवर्ती और अमरीन अभिनीत राजकुमार संतोषी की फिल्म बैड बॉय और ऐश्वर्या राय बच्चन अभिनीत मणिरत्नम की फिल्म पीएस 2 भी थेटर्स में पेश की गई है, इसके अलावा सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान भी दूसरे सप्ताह में चल रही है। उसके बावजूद अच्छे कंटेंट के कारण बेरा एक अघोरी को लोग पसन्द कर रहे हैं। निमार्ता राजू भारती की प्रशंसा करनी होगी कि उन्होंने नए कलाकारों पर विश्वास जताया और कहानी को हीरो मानते हुए हॉरर थ्रिलर फिल्म बनाई जो दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने में सफल हो रही है। धिराल एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स हिंदी फिल्म बेरा-एक अघोरी के निमार्ता राजू भारती हैं जबकि मुख्य कलाकार प्रेम धिराल, शक्ति वीर धिराल और अभिनेत्री प्राजक्ता शिंदे हैं। हालांकि निमार्ता राजू भारती का ये प्रथम प्रयास है। लेकिन फिल्म का विषय और इसकी अनूठी कहानी होने की वजह से ऑडिएंस इसे लाइक कर रहे है। फिल्म को सिनेमाघरों में काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।



# रांची विवि के 36वें दीक्षांत समारोह में 50 बेटियों को मिलेगा गोल्ड मेडल

**सुधीर**

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के 36वें दीक्षांत समारोह में 50 बेटियों को गोल्ड मेडल मिलेगा। विश्वविद्यालय की बेटियों ने गोल्ड मेडल लेने में बेटों को काफी पीछे छोड़ दिया है। विवि की ओर से कुल 77 गोल्ड मेडल दिये जायेंगे। इनमें 50 पर बेटियों ने कब्जा कर लिया है। रांची यूनिवर्सिटी इन दिनों अपने 36वें दीक्षांत समारोह के आयोजन की तैयारी में लगा है। समारोह का आयोजन 2 मई को दीक्षांत मंडप में होगा, जहां राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। इस समारोह में कुल 77 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जाएंगे। इनमें 51 विषयवार मेडल शामिल हैं। 13 मेडल बेस्ट व ओवरऑल टॉपर के लिए होंगे। वहीं, 13 मेडल व्यक्ति विशेष के नाम पर होंगे।

**इस सत्र में शामिल नहीं होंगे तीन कॉलेज :** रांची यूनिवर्सिटी के इस दीक्षांत समारोह में इस बार ओवरऑल बेस्ट मास्टर डिग्री (जेनरल कोर्स) का अवार्ड डोरंडा कॉलेज की जयश्री महतो व ओवरऑल बेस्ट ग्रेजुएट (जेनरल कोर्स) का अवार्ड निर्मला कॉलेज की सोनी कुमारी को मिलेगा। कुल 77 में 50 गोल्ड मेडल छात्राओं को मिलेंगे। इस सत्र में रांची वीमेंस कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज और संत जेवियर्स कॉलेज, ऑटोनोमस का दर्जा रहने के कारण शामिल नहीं हैं।

**इनको मिलेंगे ओवरऑल बेस्ट में गोल्ड मेडल :** जयश्री महतो (मास्टर डिग्री), प्रतीक कुमार सिंह (प्रोफेशनल कोर्स), कुमार निशांत (मेडिसीन सर्जरी), सोनी कुमारी (जेनरल कोर्स, प्रोफेशनल कोर्स व साइंस), निशा कुमारी (सोशल साइंस), शिवांगी आर्या (ह्यूमिनिटिज), रूपा कुमारी (कॉमर्स), अभिप्रीत भप्ताचार्या (एमबीबीएस), दिव्या जायसवाल (लॉ), अंजलि कुमारी (एजुकेशन), रीता महतो (नर्सिंग), रूपा कुमारी (प्रेम कुमार पोद्दार गोल्ड मेडल कॉमर्स), दिव्या जायसवाल (देवी प्रसाद मेमोरियल गोल्ड मेडल एलएलबी), सुखवंती लुगून (इतिहास, एसटी), संध्या कुजूर (मानवशास्त्र, एसटी), डॉली कुमारी (सोशल साइंस), रोजी शर्मा (भौतिकी), सरवरी परवीन (भूगोल), महिमा झा (मनोविज्ञान), उत्कर्ष (एमडी), रोस्ती लकड़ा (राजनीतिशास्त्र) व आदर्श राज सिंह (भूगर्भशास्त्र)।

## 2 मई को दीक्षांत मंडप में राज्यपाल के हाथों बेटियां गले में पहनेंगी मेडल

विषयवार टॉपरों की सूची : संध्या कुजूर (मानवशास्त्र), सानू सत्पती (बांग्ला), गगनदीप कौर (अर्थशास्त्र), अंकिता प्रियदर्शिनी (अंग्रेजी), सरवरी परवीन (भूगोल), पुरुषोत्तम कुमार पिंटू (हिंदी), सुखवंती लुगून (इतिहास), डॉली कुमारी (गृह विज्ञान), अंकिता कुमारी (दर्शनशास्त्र), रोस्ती लकड़ा (राजनीतिशास्त्र), महिमा झा (मनोविज्ञान), जयश्री महतो (संस्कृत), अनुपमा जोजो (समाजशास्त्र), सदफ कायनात (उर्दू), संध्या सिंकू (हो), वंदना सोरेंग (खड़िया), सुजीत कुमार (खोरठा), बिकास पात्रा (संताली), दिलखुश महतो (कुरमाली), अनिल उरांव (कुडुख), जवरा तिरू (मुंडारी), अजय पी (नागपुरी), शाहदेव महतो (पंच परगनियां), योगेंद्र सिंह (ज्योतिर्विज्ञान), शीनम एलिजा कुजूर (मास कॉम), ओजस्वी कुमारी (कॉमर्स), अदिति सामंता (बॉटनी), काबेरी साहू (केमिस्ट्री), आदर्श राज सिंह (भूगर्भशास्त्र), कत्यायिनी प्रिया (गणित), रोजी शर्मा (भौतिकी), माधुरी कुमारी (जंतु विज्ञान), गौरव कुमार सिंह (पर्यावरण विज्ञान), तेजस्वी (लॉ), सृष्टि मुंडा (बायोटेक्नोलॉजी), प्रतीक कुमार सिंह (बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन), अश्विनी कुमार मिश्रा (कंप्यूटर एप्लीकेशन), बैजयंती रानी (आर्कियोलॉजी म्यूजियोलॉजी), आयुषी सोनी (रूरल डेवलपमेंट), आर्यन किस्कू (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन), उमेश सिंह (ह्यूमन राइट्स), पायल कुमारी (फाइन आर्ट), शोयबी मुखर्जी (डांस), देवप्रिया ठाकुर (म्यूजिक-वोकल), अरुण नायक (थिएटर आर्ट), निधि मुंडा (फैशन डिजाइनिंग एंड मैनेजमेंट), मो नेहाल (रूरल मैनेजमेंट), मीना कुमारी (योगिक साइंस) व अंजलि कुमारी (एजुकेशन)।

**दीक्षांत मंडप में 29789 विद्यार्थियों की मिलेगी डिग्री :** रांची विवि के दीक्षांत समारोह में 29789 विद्यार्थियों की डिग्री दी जायेगी। इनमें यूजी ( साईंस, आर्ट्स, कॉमर्स और वोकेशनल) के 19156 विद्यार्थी तथा पीजी (साईंस, आर्ट्स, कॉमर्स, वोकेशनल और बीएड) के 10633 विद्यार्थियों को डिग्री दी जायेगी। विवि से मिली जानकेरी के अनुसार 1 जनवरी 2022 से 31 जनवरी 2023 तक प्रकाशित परीक्षाफल में स्नातक स्नातकोत्तर पीएचडी डिलीट और बीएससी के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में डिग्री दी जाएगी इनमें यूजीके और पीजी के स्टूडेंट शामिल हैं।

# लंबित योजनाएं ससमय पूर्ण करायें : चंद्रशेखर

## ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की मनरेगा योजना की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मनरेगा एक बहुआयामी योजना है। यह ग्रामीणों के रोजगार के सृजन का सशक्त माध्यम है। मनरेगा से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफलतापूर्वक उतरना हमारी प्राथमिकता है। ग्रामीण विकास विभाग सचिव श्री चंद्रशेखर आज राज्य के सभी उप विकास आयुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

बैठक में सीईओ जेएसएलपीस श्री सूरज कुमार, स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक नेहा अरोड़ा, संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग जितेंद्र कुमार देव सहित अन्य लोग शामिल थे।

श्री चंद्रशेखर ने रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन की समीक्षा करते हुए मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में काम करने वाले श्रमिकों को होने वाले परेशानी को देखते हुए अविलंब सुधार करवाने का निर्देश दिया।

उन्होंने एक सप्ताह के अंदर रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन में सुधार लाने एवं मजदूरों को राहत देने की बात कही। सचिव ने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं में उप विकास आयुक्त का महत्वपूर्ण रोल है। लक्ष्य पूरा करने पर ध्यान दें, लेकिन शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए। अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 75 तालाबों का जीर्णोद्धार/निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने ससमय कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया। इसके अतिरिक्त रूर्बन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और जलछाजन की भी समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सचिव चंद्रशेखर ने सभी डीडीसी को मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में आवश्यक प्रगति का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से एक समुचित कार्य प्रारूप तैयार कर जल्द से जल्द सभी योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने मनरेगा योजनांतर्गत सक्रिय मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया। मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी ने लंबित योजनाओं की जानकारी लेते हुए कार्य योजना बना कर सभी उप विकास आयुक्तों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया । उन्होंने निर्धारित समय सीमा में स्थानीय श्रमिकों द्वारा वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की पूर्णता में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही शौचालय एवं चेंजिंग रूम के निर्माण के साथ-साथ पानी की समुचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।

श्रीमती राजेश्वरी बी ने गिरिडीह, कोडरमा, पाकुड़ एवं सिमडेगा जिला में खेल मैदान निर्माण पूर्ण नहीं होने पर संबंधित डीडीसी को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

**जेसीबी का इस्तेमाल मनरेगा में न हो :** मनरेगा आयुक्त ने सभी डीडीसी को निर्देश दिया कि जितने भी जेसीबी का संचालन उनके क्षेत्र में हो रहा है उनसे प्रति माह शपथ पत्र प्राप्त करें कि उनके वाहन का उपयोग मनरेगा के कार्यों में नहीं किया जा रहा है।

मनरेगा आयुक्त द्वारा मनरेगा के कार्यों में जेसीबी का इस्तेमाल होने पर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई तथा जब्ती करने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारी सक्रिय रूप से प्रयासरत रहें।

**30 मई तक बिरसा हरित ग्राम के तहत गड्ढा खुदाई का कार्य हो पूर्ण :** मनरेगा आयुक्त ने सभी उप विकास आयुक्तों को निर्देश दिया कि 30 मई तक बिरसा हरित ग्राम के तहत गड्ढे की खुदाई कार्य पूर्ण करें एवं बिरसा हरित ग्राम के तहत जो भी लक्ष्य मिले हैं, ससमय पूर्ण हो, इसे सुनियिचत करें।

## स्पीड न्यूज

### प्रधानमंत्री के मन की बात से उब गयी है जनता : राकेश सिन्हा

रांची। प्रधानमंत्री के मन की बात पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा है कि 30 अप्रैल को होने जा रहे प्रधानमंत्री के मन की बात 100वीं एपिसोड की सूचना फैलाने के लिए पूरी भाजपा और प्रधानमंत्री के शक्तिशाली पीआर मशीन का मजबूती से लगना यह दशार्ता है कि देश की जनता अब मन की बात से उब चुकी है। उन्होंने कहा है कि देश की जनता महंगाई से बेहाल है। देश की अर्थव्यवस्था डामाडोल है, निम्नवर्गीय परिवार के बच्चों को दूध नसीब नहीं हो रहा है लेकिन यह बेशर्मी की बात है कि भाजपा 100 एपिसोड को महोत्सव के रूप में मना रही है।

### जैप 4 को ओवर ऑल विजेता का खिताब

रांची। 19वीं झारखंड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि के तौर जैप आइजी प्रभात कुमार मौजूद थे। खेल प्रतियोगिता में जैप चार को ओवर ऑल विजेता का खिताब दिया गया। वहीं दूसरे पोजिशन पर जैप टू को मिला। विजयी प्रतिभागियों के बीच प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### हुदैबिया स्कूल में हुआ पौधरोपण

रांची। हुदैबिया इंटरनेशनल स्कूल कांके में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण के बाद सभी सदस्यों ने इसकी देखभाल करने की शपथ ली । स्कूल के डायरेक्टर सैयद अब्दुल मजीद ने पौधरोपण करने पर जोर दिया। स्कूल हेड रिजवान अहमद ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### वार्ड 53 के आजसू अध्यक्ष बने गोपी

रांची। आजसू पार्टी रांची महानगर के तत्वावधान में शुक्रवार को वार्ड नंबर 53 के वार्ड कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से वार्ड नंबर 53 के वार्ड अध्यक्ष का चुनाव किया गया। गोपी नायक अध्यक्ष चुने गये। विनोद नायक उपाध्यक्ष और सुनील नायक सचिव चुने गये।

### धुर्वा में आज से डिजनीलैंड मेला

रांची। धुर्वा स्थित शहीद मैदान में शनिवार से डिजनीलैंड मेला शुरू होगा। मेला 45 दिनों तक चलेगा। शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मेला प्रबंधक अजीत झा ने बताया कि मेले में खरीदारी के साथ खान- पान और मनोरंजन की व्यवस्था की गई है। बच्चों और महिलाओं को ध्यान में रख कई तरह के झूले लगाए गए हैं।

### 30 को रांची में पूर्व सैनिकों की होगी बैठक

रांची। यूनाइटेड फ्रंट झारखंड के बैनर तले 30 अप्रैल को रांची हरमू रोड स्थित श्री दिगंबर जैन भवन में दिन में 11 बजे से 2 बजे तक झारखंड के चौबीसों जिलों के प्रतिनिधियों की मैराथन मीटिंग रखी गयी है। इस मीटिंग को राष्ट्रीय चेयरमैन वेटरन वीर बहादुर सिंह संबोधित करेंगे।

## डीएवी आलोक में सीबीएसइ ने किया कार्यशाला का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पुनदाग स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में सीबीएसइ द्वारा वित्तीय साक्षरता और डिजिटल उपकरण का प्रयोग विषय पर आधारित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश स्तुति एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गयी। इसमें कुल 121 विभिन्न स्कूलों के प्रतियोगियों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन केके मिश्रा ने वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल उपकरण की आज के परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता के महत्व को समझाते हुए बचत करने की आदत को दैनिक जीवन में प्रमुख स्थान देने का वचन लिया। प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने भी वित्तीय साक्षरता को प्रत्येक के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उत्तम भविष्य की कामना की। प्राचार्य के साथ-साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने कार्यशाला को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया।

## एमडीएम के अंकेक्षण की रिपोर्ट देख निदेशक नाराज, दिया अल्टीमेटम

**रांची।** राज्य के स्कूलों में संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (एमडीएम) के वैधानिक अंकेक्षण की रिपोर्ट सामने आई है। इसे देखकर झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने नाराजगी जताई है। उन्होंने अल्टीमेटम दिया है। इस संबंध में जारी कार्यालय आदेश में निदेशक ने कहा है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक के लिए वैधानिक अंकेक्षण करने का आदेश (पत्रांक- 722, दिनांक 29.12.2022) निर्गत किया गया है। इसे पूर्ण करने के लिए तीन महीने की अवधि (15 जनवरी से 15 अप्रैल, 2023) निर्धारित की गई थी। निदेशक ने लिखा है कि जिला एवं अंकेक्षकों से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार 19 अप्रैल, 2023 तक किसी भी जिले में अभी तक शत-प्रतिशत वैधानिक अंकेक्षण का काम पूरा नहीं हो पाया है।

## कैंब्रियन स्कूल में वार्षिक पत्रिका विजनेक्स्ट का हुआ विमोचन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में शुक्रवार को स्कूल की वार्षिक पत्रिका विजनेक्स्ट के दसवें अंक का विमोचन किया गया। इसके साथ ही सत्र 2022-23 के टॉपर्स को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कहा कि स्कूल मैगजीन विद्यालय में बच्चों को दी जा रही शिक्षा, संस्कार और संस्कृति सहित अन्य गतिविधियों का दर्पण है। विद्यालय पत्रिका से बच्चों में लेखन प्रतिभा निखरती है।

प्राचार्या ने सेक्शन टॉपर्स और सौ फीसदी उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में कुछ प्रतिभाएं अवश्य अंतर्निहित होती हैं। जिन बच्चों ने अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रतिभा को निखारने में किया है, उन्हें जीवन में निश्चित रूप से सफलता मिली है। विजनेक्स्ट पत्रिका का संपादन सिराजुद्दीन पंडित ने किया है। पत्रिका के प्रकाशन में संपादक मंडल सदस्य सह चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर श्रीमती आशा राज, गौतम कुमार नायक, डॉ अभयनाथ मिश्र, मीनू सहाय, विनिता वर्मा, ममता कुमारी एवम मीनाक्षी शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम का संचालन विनीत कौर ने किया।

# दंतेवाड़ा नक्सली हमले के बाद झारखंड पुलिस अलर्ट

## राज्य में माओवादियों के प्रवेश और हमले की आशंका, पुलिस मुख्यालय ने दिये सतर्कता के निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार नक्सलियों ने एक बड़ा हमला कर 10 जवानों को मौत के घाट उतारने के बाद पुलिस मुख्यालय ने झारखंड में अलर्ट घोषित किया है। पुलिस को आशंका है कि नक्सली घात लगाकर बड़े हमले को अंजाम दे सकते हैं। ऐसे में नक्सल अभियान में लगे सुरक्षाबलों को विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है।

झारखंड में छत्तीसगढ़ से सटे गुमला, सिमडेगा, गढ़वा ,पलामू और लातेहार जिलों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। यह कयास लगाया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ से नक्सली भागकर ओड़िशा और झारखंड के कुछ इलाकों में प्रवेश की कोशिश कर सकते हैं। नक्सली इन जिलों में प्रवेश न कर सकें इसके लिए सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही, सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन भी तेज कर दिया है।

**नक्सली अपना सकते हैं टैक्टिकल कैंपेन :** झारखंड में सुरक्षाबलों के द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान से हतोत्साहित होकर नक्सली अब अभियान में लगे जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए टैक्टिकल कैंपेन का सहारा ले सकते हैं। इस दौरान नक्सली सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने के साथ- साथ पुलिस के मददगार पर भी हमला बोल सकते हैं। सुरक्षाबलों को नक्सल अभियान के दौरान पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई का निर्देश पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी किया गया है।

> नक्सली जिन राज्यों में कमजोर हो रहे हैं, वहां पर वह टैक्टिकल कैंपेन चला रहे हैं। इस कैंपेन में घात लगाकर हमला करने के साथ-साथ पुलिस के मददगार को भी नक्सली टारगेट बनाते हैं।
>
> **संजय आनंद लाटकर, एडीजी अभियान, झारखंड पुलिस।**

**झारखंड में पूर्व में हो चुके हैं बड़े हमले :** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में जिस तरह से नक्सलियों ने घात लगाकर बड़ा हमला किया, वैसे हमले झारखंड में पहले कई बार हो चुके हैं। झारखंड के लातेहार, पलामू, गढ़वा और चतरा जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में ऐसी घटनाएं घटित हो चुकी हैं। जिनमें नक्सलियों के द्वारा लगाए गए शक्तिशाली लैंडमाइंस की वजह से बड़ी संख्या में जवान हताहत हुए थे। नक्सलियों के हिट लिस्ट में शामिल लोगों को भी सतर्क किया गया है।

## खबर एक नजर में

### रांची रेल मंडल के छह कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**रांची।** रांची रेल मंडल के छह कर्मी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। इन सभी को सेवानिवृति से संबंधित समस्त भुगतान सौंपा गया। अपर मंडल रेल प्रबन्धक मनीष कुमार ने कहा कि आप लोगों ने अपने जीवन का लंबा समय रेल को दिया है। ये आपके जीवन की दूसरी पारी है। सेवानिवृति रेल कर्मियों में शिव शंकर मुंडा, त्रिलोचन चम्पराज, दुर्योधन किशन, देवक तांती, राज कुमार भगत तथा अवध नाथ यादव शामिल हैं।

### सीसीएल में विश्व कार्यस्थल सुरक्षा दिवस मना

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में शुक्रवार को विश्व श्रम संगठन द्वारा कार्यस्थल स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दिवस मनाया गया। सीसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीसीएल के महाप्रबंधक (सेफ्टी), एसके सिंह सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मियों ने सेफ्टी का शपथ लिया और कार्यस्थल पर स्वस्थ्य एवं सुरक्षित वातावरण निर्माण के प्रति अपने प्रतिबद्धता को दोहराया। इस मौके पर सीसीएल सीएमडी, पीएम प्रसाद ने कहा कि आज का दिवस महत्वपूर्ण है क्योकि कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना प्रत्येक कर्मी के लिए आवश्यक है।

### वर्ड पावर चैंपियनशिप में 8.9 लाख छात्रों ने लिया भाग

रांची। मैरिको लिमिटेड के निहार शांति पाठशाला फनवाला (एनएसपीएफ) ने झारखंड में लीप फॉर वर्ड के साथ भागीदारी में वर्ड पावर चैंपियनशिप के चौथे संस्करण का आयोजन किया । इस प्रतियोगिता में झारखंड के सरकारी स्कूलों से 1,57,000 से ज्यादा विद्यार्थियों और 47,000 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया कुल मिलाकर, वर्ड पावर चैंपयनशिप प्रोग्राम में 8.9 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों और 2 लाख से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। मौके पर जेईपीसी रांची, झारखंड की निदेशक किरण कुमारी पासी और जेईपीसी रांची, झारखड के स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर अविनव कुमार मौजूद थे।

### योग में राष्ट्रीय जज प्रशिक्षण को झारखंड से टीम रवाना

**रांची।** राष्ट्रीय योगासन खेल महासंघ व वर्ल्ड योगासन, साई एनआईएस पटियाला के द्वारा तीसरा राष्ट्रीय योगासन जज प्रशिक्षण 2023-24 का कार्यक्रम पटियाला में होने जा रहा है, जिसमें प्रथम पाली में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन झारखंड के तीन सदस्यों का टीम पटियाला रवाना हुआ। रांची जिला सह सचिव आर्य भगत, चंदू कुमार, दयानंद, तीनों का चयन कर भेजा गया है।

### डीएवी बरियातू में दी गयी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग की ओर से नौवीं एवं दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को सड़क पर स्वयं और सड़क पर चलने वाले सभी को सुरक्षित रखने के बारे में दायित्व का बोध कराया गया। सारी जानकारी सड़क सुरक्षा प्रबंधक मो. जमाल ने दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलायी।

### डीएवी कपिलदेव के छात्रों ने लिया नशा न करने का संकल्प

**रांची।** डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू में शुक्रवार को छात्रों और शिक्षकों ने नशा न करने का संकल्प लिया। इंटेलिजेंस ब्यूरो नारकोटिक्स सेल के इंटेलिजेंस अफसर अमित कुमार भगत ने बच्चों को विधिवत संकल्प दिलाया। वे आज मिशन ड्रग्स फ्री अभियान के तहत डीएवी कपिलदेव में आयोजित एक सेमिनार को संबोधित भी किया।

### हजारीबाग के गोरियाकरमा में खुलेगा केवीके

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को बड़ी सफलता मिली है। विश्वविद्यालय के अधीन झारखंड के हजारीबाग जिले के गोरियाकरमा में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) खुलेगा। इसकी मंजूरी नई दिल्ली स्थित आईसीएआर ने दे दी है। हजारीबाग जिले में केवीके की स्थापना को लेकर बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह करीब डेढ़ वर्षो से प्रयासरत थे। उनके प्रयासों से हजारीबाग जिले में आईसीएआर के सौजन्य से बीएयू के नियंत्रण में 17वां कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित होने जा रहा है।

### नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों का प्रशिक्षण खत्म

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर मानवीय संवेदनाओं से भरे होते हैं। इसलिए सेवा के इस क्षेत्र में आते हैं। शुक्रवार को वह नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मौका था नवनियुक्त पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन का। मंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों को संवेदनशीलता, कर्तव्य का पाठ पढ़ाया और मजबूती के साथ मरीजों की सेवा के लिए खड़े रहने के लिए जोश भरा।

### रांची विवि सिंडिकेट की बैठक हुई

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में शुक्रवार को सिंडिकेट की बैठक में खोरठा विभाग में 6 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति का फैसला लिया गया। झारखंड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर यह बहाली की जायेगी। इसके अलावा 2 मई को कन्वोकेशन पर सिंडिकेट की मुहर लग गयी।

### पीएलवी की मासिक बैठक हुई

**रांची।** डालसा हॉल, रांची में शुक्रवार को डालसा के लगभग 70 कार्यरत पीएलवी के साथ डालसा सचिव राकेश रंजन व एलएडीसी के अधिवक्ता प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, स्वीकृति विनया एवं अन्य सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित पीएलवी के किये गये कार्यों की समीक्षा की एवं कई दिशा-निर्देश दिये।

### गोस्सनर कॉलेज में फ्री डेंटल चेकअप कैंप

**रांची।** क्लब रोड स्थित गोस्सनर कॉलेज में शुक्रवार को कॉलेज के बीबीए डिपार्टमेंट में नि:शुल्क डेंटल हेल्थ केयर कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दंत चिकित्सक व सर्जन डॉ सरिता ने कॉलेज के स्टूडेट्स व प्रोफेसर्स को दंत स्वास्थ्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### मॉन्टफोर्ट फीस्ट मनाया गया

**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत अलोईस इंटर कॉलेज परिसर में शुक्रवार को संत गैब्रिएल धर्मसमाज के संरक्षक संत लुई मेरी ग्रिन्यो डि मॉन्टफोर्ट की पुण्यतिथि पर मॉन्टफोर्ट फीस्ट मनाया गया। समारोह में संत अलोईस इंगलिश व हिंदो दोनो माध्यम के मिडिल स्कूल, हाई स्कूल व इंटर कॉलेज के स्टूडेंट्स, शिक्षक व गैर शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सामूहिक रुप से यह पर्व सोल्लास मनाया।

### यादव समाज के सम्मेलन को ले जागरूकता अभियान

**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखण्ड के तत्वावधान में आयोजित यादव समाज का आठवां स्थापना वर्ष सह वार्षिक सम्मेलन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान जारी है। जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को जगरनाथपुर बड़ा खटाल में यादव समाज के प्रमुख लोगो के साथ बैठक कर 30 अप्रैल को वाईबीएन स्कूल धुर्वा में आयोजित यादव महासम्मेलन कार्यक्रम में हजारों लोगो को आमंत्रित किया गया।

### गोस्सनर कॉलेज में एकल व्याख्यान का हुआ आयोजन

रांची। गोस्सनर कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की ओर से शुक्रवार को एकल व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय था 'पोस्ट कोलोनियल लिटरेचर' (उत्तर उपनिवेशवादी साहित्य का अध्ययन)। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर सह पूर्व मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ बनानी चटर्जी थीं। अपने उद्बोधन में डॉ चटर्जी ने उत्तर उपनिवेशवादी अध्ययन पर बोलते हुए कहा कि उत्तर उपनिवेशवाद की जड़ें काफी गहरी हैं। भ्मानसिक स्तर पर हम आज भी गुलाम हैं।

### उमेश रजक बने कांग्रेस कला-संस्कृति विभाग के जोनल कोऑर्डिनेटर

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी कला-संस्कृति एवं फिल्म विभाग के चेयरमैन भानू प्रताप बड़ाईक ने शुक्रवार को कांग्रेस भवन रांची में उमेश रजक को कांग्रेस कला-संस्कृति एवं फिल्म विभाग (पलामू प्रमंडल) के जोनल कोऑर्डिनेटर मनोनीत किया।

### निगम चुनाव करने में विफल है सरकार : नमन भारतीय

**रांची।** रांची नगर निगम के सभी जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो गया है और राज्य सरकार कुंभकर्ण की नींद सोई है। सरकार को राजा का दर्जा दिया जाता है पर सरकार के अंदर भय व्याप्त है। निगम चुनाव कराने में विफल है सरकार। उक्त बातें नमन भारतीय ने प्रेस बयान जारी कर कही।

### अनुशंसा केंद्र सरकार को भेज दी गयी है : आलमगीर आलम

**रांची।** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री एवं विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि भुईंहर मुंडा को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से सहमत है। इस संबंध में सरकार ने अपनी अनुशंसा केंद्र सरकार को भेज दी है। केंद्र की सहमति मिलने के बाद भुईंहर मुंडा को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दे दिया जायेगा। आलमगीर आलम शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान स्थित संगम गार्डेन में आयोजित भुईंहर मुंडा अनुसूचित जनजाति सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा।

### एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का चरणबद्ध आंदोलन जारी

**रांची।** राज्यभर के एमपीडब्ल्यू कर्मचारी स्थायी समायोजन समेत अन्य मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन पर हैं। आंदोलन के पांचवें दिन भूख हड़ताल कर मांगों पर ठोस निर्णय लेने की गुहार राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन से कर रहे हैं। मालूम हो कि एमपीडब्ल्यू कर्मचारी स्थायी समायोजन के आलावा कोरोना काल में जान गंवा चुके 22 कर्मचारियों के परिवार के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## अब 4 मई को छवि रंजन से होगी पूछताछ

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में रांची के पूर्व डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन और रांची के सदर रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी के अलावा रांची के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल को इडी ने नए सिरे से समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। शुक्रवार को इडी की ओर से तीनों से पूछताछ के लिए समन जारी कर दिया गया है। शुक्रवार को भेजे गए समन में छवि रंजन को चार मई, वैभव मणि त्रिपाठी को एक मई और विष्णु अग्रवाल को आठ मई को इडी के रांची जोनल ऑफिस बुलाया गया है। इससे पहले छवि रंजन को एक मई को इडी दफ्तर आने के लिए कहा गया था।

स्पीड न्यूज

# टाटा स्टील फाउंडेशन के अर्बन सर्विसेज का कवि सम्मेलन कल

## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में शेक्सपियर दिवस का आयोजन



**जमशेदपुर।** कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता के निर्देश पर जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में मानविकी संकाय द्वारा शेक्सपियर दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने इस अवसर पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि 26 अप्रैल को अंग्रेजी के विख्यात साहित्यकार विलियम शेक्सपियर का जन्म दिवस मनाया जाता है। यह अंग्रेजी के ऐसे साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं जिन्होंने अपनी लेखनी से पूरे विश्व को प्रभावित किया। इस कारण यूनिवर्सिटी उनकी विलक्षण साहित्य शैली को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना अपना कर्तव्य समझती है एवं बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न एक साहित्यकार की स्मृति में कार्यक्रम संपन्न हुए। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें याद किया गया। फैंसी ड्रेस निर्णायक मंडल में परीक्षा नियंत्रक डॉ. रमा सुब्रह्मण्यम, राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ सोनाली सिंह एवं संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सनातन दीप एवं पोस्टर प्रतियोगिता के लिए वाणिज्य की डीन डॉ दीपा शरण, डेवलपमेंट ऑफिसर डॉ सलोमी कुजूर एवं अर्थशास्त्र विभाग की डॉ रत्ना मित्रा की विशेष भूमिका रही। मानविकी संकाय के डीन डॉ सुधीर कुमार साहू के अलावा समन्वयक के रूप में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मनीषा टाइटस एवं अमृता कुमारी की विशेष भूमिका रही। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेंद्र जयसवाल भी शामिल थे।

## आजसू जुगसलाई नगर पालिका के अध्यक्ष निर्वाचित हुए तनवीर राजू



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को जुगसलाई स्थित पार्टी कार्यालय में आजसू नगरपालिका की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष तनवीर ने किया जबकि संचालन दिनेश जयसवाल ने किया और पूरी कमिटी के साथ पुनः नए सदस्यों को भी शामिल किया। अरूप मल्लिक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया और चुनावी मूड में उतरने का कार्य करने की सलाह दिए।

## काशीडीह सामुदायिक मैदान में भव्य कवि सम्मेलन की तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन के अर्बन सर्विसेज द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन 30 अप्रैल की शाम छह बजे से काशीडीह सामुदायिक केंद्र मैदान में किया जायेगा। कवि सम्मेलन का उद्घाटन धालभूम के एसडीओ पियूष सिन्हा करेंगे।

उक्त जानकारी काशीडीह सामुदायिक केंद्र सभागार में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में टाटा स्टील में हेड (अर्बन सर्विसेज एंड ट्राइबल सर्विसेज) जिरेन टोपनो ने एक संवाददाता सम्मेलनमें दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन के माध्यम से अर्बन सर्विसेज भारतीय संस्कृति का हिस्सा रही कविता की परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करती है और इस बात पर भी जोर देती है कि आज भी लेखक/कवि अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए कविता का चयन करते हैं। उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन में देश के लोकप्रिय मंचीय कवि एवं व्यंग्यकार संपत सरल समेत जमशेदपुर सहित देश के विभिन्न हिस्सों के कुल 10 प्रसिद्ध कवि भाग लेंगे और अपनी मनमोहक रचनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीगण और समुदाय के लोग बड़े पैमाने पर उपस्थित रहेंगे। श्यामल सुमन ने कहा कि कवि सम्मेलन में देशभक्ति, सामाजिक विसंगतियों से लेकर श्रृंगार रस की कविताएं सुनने को मिलेंगी। सबसे बड़ी बात कि इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय कवियों के साथ शहर के चार कवि, कवियित्रियों को भी काव्य पाठ करने का अवसर मिलेगा। टाटा स्टील स्पोट्स डिपार्टमेंट के अधिकारी डा हसन इमाम मल्लिक ने कहा कि टाटा स्टील अर्बन सर्विसेज द्वारा आयोजित सालाना जलसा कवि सम्मेलन एवं मुशायरा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। संवाददाता सम्मेलन को ट्राइबल सर्विसेजके गुरुबारी हेम्ब्रम ने भी संबोधित किया।

बता दें कि जमशेदपुर शहर में कला, संस्कृति और साहित्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, टाटा स्टील फाउंडेशन के अर्बन सर्विसेज द्वारा समुदायों के लिए मुशायरा, सा रे गा मा गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

### हास्य कवि संपत सरल शहरवासियों को गुदगुदायेंगे



कवि सम्मेलन के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते टाटा स्टील फाउंडेशन के हेड जे टोपनो। साथ में बायें से श्यामल सुमन, डॉ हसन इमाम मल्लिक और सबसे दायें गुरुवारी हेम्ब्रम।

### कवि सम्मेलन में शिरकत करने वाले कवि

1. संपत सरल,राजस्थान
2. विष्णु सक्सेना,उत्तर प्रदेश
3. मनोज कुमार मनोज,मेरठ-उप्र
4. प्रियांशु गजेंद्र-उप्र
5. कृति काले-नयी दिल्ली
6. गौरी मिश्रा-उत्तराखंड
7. श्यामल सुमन-जमशेदपुर
8. नवीन अग्रवाल-जमशेदपुर
9. संध्या सिन्हा सुफी-जमशेदपुर
10. शोभा किरण इनायत-जमशेदपुर।

# इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गये अनूप सिंह

## राकेश्वर पांडेय और संजीव चौधरी बनाये गये वरीय सचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी द्वारा इंटक के राष्ट्रीय कमिटी का गठन कर शुक्रवार शाम को जारी कर दिया गया है। राष्ट्रीय कमिटी में झारखंड के बेरमो विधायक सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष जयमंगल उर्फ अनूप सिंह को उपाध्यक्ष का बड़ा दायित्व डॉ रेड्डी ने सौंपा है।

वही टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी को वरीय सचिव, झारखंड इंटक के कायार्वाहक अध्यक्ष राकेशवर पांडेय को वरीय सचिव, रघुनाथ पांडेय, आर रवि प्रसाद एवं विजय खां को सचिव, देविका सिंह एवं सतीश कुमार सिंह को कमेटी मे संगठन सचिव मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय कमेटी की लिस्ट जारी होते ही प्रदेश इंटक सचिव शैलेश पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ता बिस्टुपुर गोलचक्कर पर एकत्रित हुए एवं लड्डू वितरण व आतिशबाजी कर प्रसन्नता जाहिर की। शैलेश पांडेय ने कहा की डॉ जी संजीवा रेड्डी ने युवाओं को संगठन के उच्चतम पद पर मनोनीत कर भविष्य का संकेत दिया है, डॉ रेड्डी हमेशा युवाओं को आगे बढाने का काम करते हैं। उन्होंने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल को फोन लगाकर कार्यकरताओं से बातचीत कराई एवं कार्यकरताओं ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेसित की। ज्ञात हो की इंटक के दिल्ली में मार्च में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो चुका था जिससे सर्वसम्मति से डॉ जी संजीवा रेड्डी को अध्यक्ष चुना गया था एवं कमेटी गठन का अधिकार उन्हें सौपा गया था, जिसके बाद आज डॉ रेड्डी ने राष्ट्रीय कमेटी का लिस्ट जारी किया है। अनूप सिंह उर्फ जयमंगल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने एवं अन्य नेताओं को पद मिलने पर इंटक नेता शैलेश पांडेय, इंटक नेता संजीव रंजन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह पार्षद डा पारितोष सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है।



उपाध्यक्ष अनूप सिंह का स्वागत करते संजीव रंजन और डॉ पारितोष सिंह।



वरीय सचिव राकेश्वर पांडेय।



वरीय सचिव संजीव चौधरी।



संगठन सचिव रघुनाथ पांडेय।



संगठन सचिव आर रवि प्रसाद।



संगठन सचिव सतीश सिंह।

# पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण को कल करेंगे संबोधित

## भाजपा जमशेदपुर महानगर ने किया पोस्टर विमोचन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। मन की बात' के 100वें संस्करण के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ इसे सफल बनाने हेतु भाजपा जमशेदपुर महानगर विभिन्न स्तरों पर तैयारी कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 100वें मन की बात में भाजपा कार्यकताओं के संग आम नागरिकों की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने और जनजागरण के उद्देश्य से भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से पोस्टर का विमोचन किया गया। शुक्रवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेतागण व सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान विमोचनकर्ता के रूप में मौजूद सांसद विद्युत वरण महतो व अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें मन की बात कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का विधिवत रूप से विमोचन किया। समारोह के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने 'भारत माता की जय', 'भाजपा जिंदाबाद' एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाकर उत्साह व्यक्त किया। उपरोक्त समारोह में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम आज देश की जनता के साथ सीधा संवाद का माध्यम और लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना है।

वर्ष 2014 में शुरू हुए मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया है, जिनके पास पहुंचना अत्यंत कठिन समझा जाता था।

# अरका जैन विवि में बॉलीवुड सिंगर निकिता गांधी का जलवा

## कुछ तो है तुझसे राबता... क्यूं है ये कैसे है ये तू बता...



निकिता गांधी के लाइव शो का आनंद उठाते शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं।



कुछ तो है तुझसे राबता ...



अरका जैन यूनिवर्सिटी के गंहरिया, जमशेदपुर कैंपस में इंटर स्कूल इवेंट आगाज में प्रस्तुति देती बॉलीवुड सिंगर निकिता गांधी।

## मां के जन्मदिन पर सबरों के बीच रोहन ने वितरित किया छाता

**जमशेदपुर।** अंत्योदय - रियरिंग द रेयर संस्था द्वारा आज संस्था के सदस्य रोहन जी की माताजी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में डेमकाडीह के सबर समुदाय के बीच छाता वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समुदाय के सदस्यों के साथ चाय बिस्किट का स्वाद लेकर चाय पर चर्चा के साथ की गई।समुदाय के लोगों के चेहरे की मुस्कुराहट इस बात की साक्षी थी कि वे दिल से हमारी खुशी में शामिल थे। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक श्री आशुतोष सिन्हा ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा है कि आज के पावन दिवस पर हमने सबर समाज के उत्थान के लिए एक और कदम आगे बढ़ाया।ग्रीष्म ऋतु में समुदाय के लोगों की जरूरतों को समझते हुए उन्हें छाता का वितरण किया गया।जन्म दिवस के अवसर पर संस्था के सदस्यों ने समुदाय के लोगों के सहयोग से आम के पौधे का रोपण का पुनीत कार्य किया।

# मोहम्मद ओवैस और रजी नौशाद को उमराह के लिए हुए रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

जमशेदपुर। आजादनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले आजादनगर थाना शांति समिति के सदस्य मोहम्मद आवेश राजा और उनकी पत्नी एवं रजी नौशाद उमराह के लिए रवाना हुए इस अवसर पर जमशेदपुर के समाजिक संस्था ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अभिभावक सैयद आसिफ अख्तर,मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान, मोइनुद्दीन अंसारी,हाजी फिरोज असलम और शहीद परवेज ने फूलों का हार पहना कर उन्हे उमराह के लिए रवाना किया और ट्रस्ट के लोगों ने उनसे गुजारिश की है के उमराह में जाकर हमारे मुल्क के आपसी भाईचारे और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ करे।उमराह में खाना काबा का सात चक्कर लगाया जाता है इसके बाद दो रेकर नमाज मुकाम ए इब्राहिम के सामने अदा की जाती है फिर साफा और मरवा दो पहाड़ों के बीच सात चक्कर लगाया जाता है इसके बाद सिर के बाल को कटवाया जाता है फिर जाकर उमराह पूरा होता है।मक्का में एहम मुकामात गार ए सौर, मीना, अरफात ,मुजदल्फा ,शैतान वागेरा की जियारत की जाती है।इसके बाद अपने लिए अपने जानने वालों और सारे दुनिया के लोगों के लिए बहुत दुआ की जाती है।मदीना में हुजूर के रौजे पर सलाम पेश किया जाता है और खास खास जगहों की जियारत की जाती है। मस्जिद कुबा जो के इस्लाम से पहली मस्जिद है इसमें नमाज पढ़ने का सावाब उमराह के बराबर है।



# कल पटमदा के माहुलबना गांव में सांसद सुनेंगे पीएम के मन की बात



महुलबना गांव के ग्रामीणों के बीच पोस्टर लांच करते सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो आगामी 30 अप्रैल को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जीके मन की बात के 100 वें संस्करण के अवसर पर पटमदा मंडल अंतर्गत माहुलबना ग्राम स्थित बूथ संख्या 138 पर पर सुनेंगे। इस हेतु विस्तृत तैयारी एवं जनसंपर्क किया जा रहा है। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग शिरकत करेंगे।

मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्ता के द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया ।

इस दौरान ग्रामीणों को बीच में इसके पोस्टर को लोगों के बीच में जारी किया गया। आज इस अवसर पर मुख्य रूप से किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुचिराम बाउरी, पटमदा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री दीपू शर्मा एवं भीम महतो के साथ-साथ मोहलबना ग्राम के बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## 30 अप्रैल को रांची में पूर्व सैनिकों का मैराथन मीटिंग

**जमशेदपुर।** यूनाइटेड फ्रंट झारखण्ड भारतीय सेना के तीनों अंगों से सेवानिवृत ऑनरी कमीशन ऑफिसर्स, जूनियर कमीशन ऑफिसर्स एवं जवानों की नव निर्मित संस्था है जो वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों, समान मिलिट्री सर्विस पे एवं पूर्व सैनिकों की ज्वलंत समस्यों के समाधान के लिए, राष्ट्रीय स्तर पर एक देश-व्यापी आंदोलन, संवैधानिक तरीके से कर रही, नेशनल यूनाइटेड फ्रंट का एक अंग है। विगत 12 मार्च से दिल्ली के जंतर-मंतर पर गौरव-सेनानियों द्वारा शांतिपूर्ण धरना लगातार चल रहा है। 12 मार्च को पूरे देश से आये सैकड़ों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नेशनल यूनाइटेड फ्रंट का गठन किया और वेटरन वीर बहादुर सिंह को चेयरमैन बनाया गया। इस क्रम में पूर्वी सिंहभूम निवासी सुशील कुमार सिंह को यूनाइटेड फ्रंट झारखण्ड का प्रदेश को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है।

# रफ ड्राइविंग करने पर बीते माह 368 लाइसेंस किए गये सस्पेंड

## एसडीएम धालभूम की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला स्तरीय रोड सेफ्टी प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में धालभूम के अनुमंडलाधिकारी पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई जिसमें जिले में मार्च माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं, उनके कारण, ट्रैफिक पुलिस, उत्पाद विभाग की कार्रवाई तथा सड़क सुरक्षा को लेकर चलाये गए जागरूकता अभियान आदि की समीक्षा की गई। जिला प्रशासन तथा अन्य स्टेक होल्डर द्वारा उठाये गए सुरक्षात्मक उपायों से पिछले कुछ माह के तुलना में मार्च महीने में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई, हालांकि मार्च में हुई 20 सड़क दुर्घटनाओं में 9 लोगों की मृत्यु तथा 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। गलत दिशा में वाहन चलाना, नेशनल हाईवे में ओवर स्पीडिंग, रैश ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण रहे। एसडीएम धालभूम द्वारा सभी दुर्घटनाओं के कारणों की गहन समीक्षा की गई तथा शहर के अंदर कुछ जगहों पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए।



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते एसडीओ पियूष सिन्हा।

### स्कूल बसों के फिटनेस, मेंटेनेंस की जांच होगी : डीटीओ

जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन ने ट्रैफिक पुलिस एवं रोड सेफ्टी टीम को बाइक चलाकर स्कूल आने वाले नाबालिग बच्चों की जांच कर कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होने स्कूल बसों का मेंटेनंस, फिटनेस जांचने की भी बात कही। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिया कि स्कूल प्रबंधन बसों को दुरूस्त रखें, अन्यथा जांच में पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रोड सेफ्टी एवं शिक्षा विभाग को स्कूलों में सड़क सुरक्षा को लेकर सघन जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया गया।

# मोदी 'मन की बात' 100 वें एपिसोड कॉन्क्लेव में झारखंड के शिक्षक डॉ सपन पत्रलेख हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कॉन्क्लेव का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है। झारखंड के शिक्षक डॉ सपन कुमार पत्रलेख को दिल्ली में चलने वाले सप्ताह भर तक के कार्यक्रम के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। डॉ सपन देश के उन शख्सियतों में शामिल है। जिनकी चर्चा प्रधानमंत्री जी ने मन की बात रेडियो कार्यक्रम में किया है। इस मौके पर डॉ सपन पत्रलेख ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के द्वारा जो सम्मान मिला है। यह झारखंड के सभी लोगो के साथ राज्य के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियो का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वह एक ऐसे दुर्गम सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षक हैं। जहां पहुंचना काफी कठिन रहता है। यह ट्राइबल क्षेत्र है और ट्राइबल में भी वे एक ऐसे ट्राइबल है। जहां 99 प्रतिशत लोगों ने मैट्रिक या उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं की है। अधिकांश लोगो ने कॉपी कलम को नहीं छुआ है। इस क्षेत्र के बच्चों के लिए दुमका सबसे बड़ा शहर हुआ करता था। वे दिल्ली, जापान, अमेरिका को नहीं जानते थे।



**मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली पहुंचे डॉ सपन पत्रलेख**

वैसी परिस्थिति में प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं बापू जी के सपनों का ग्राम स्वराज का सपना को इस गांव में पूर्ण करने का प्रयास डॉ सपन द्वारा समुदाय के सहयोग से किया जा रहा है। चाहे कोविड के समय की बात हो या कोविड-19 के बाद की बात हो कठिन परिस्थिति आया तो ब्लैकबोर्ड बाजार से नहीं खरीद कर आपसी सहयोग से एकमत से सभी ने मिलकर प्रकृति में उपलब्ध संसाधन से मिलकर गांव मे आपसी सहयोग से एकमत होकर गांव के सभी दीवारों पर ब्लैकबोर्ड बना दिया। जरूरत की डस्टर, झाड़ू, चटाई का निर्माण गांव में ही किया गया तो वही ग्राम स्वराज के स्वालंबन के सपने को गांव में पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। आज हमारे विद्यालय के बच्चे अमेरिका, जापान को भी जानते हैं।

बच्चों में देश के साथ कदम से कदम मिलाकर भारत को श्रेष्ठ बनाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। एक अत्यंत पिछड़े क्षेत्र के शिक्षक हैं। जहां शिक्षा की रोशनी जलाने का प्रयास किया जा रहा है। विदित हो कि कोरोना काल में लॉकडाउन के समय डॉ सपन ने समुदाय के सहयोग से गांव के सभी दीवारों पर ब्लैक बोर्ड बनाकर किताब के पाठों को लिखकर, चित्र बनाकर बच्चों की पढ़ाई जारी रखी थी। जिसकी चर्चा देश के प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में किया था। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत के उपराष्ट्रपति ने मन की बात कॉनक्लेव का उद्घाटन किया। इस मौके पर सूचना प्रसारण मंत्री, रेल मंत्री, किरण बेदी, आमिर खान, रवीना टंडन एवं मन की बात में प्रधानमंत्री के द्वारा देश के विभिन्न प्रदेशों के सपन के साथ 100 विशेष अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर टेबल कैफे बुक, डाक टिकट एवं सिक्का जारी किया गया। 30 अप्रैल को मन की बात के 100 वे एपिसोड के मौके पर राजभवन में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं सम्मानित किया जाएगा।

# बिहार में जाति सर्वेक्षण पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण कराने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय का रुख करने की अनुमति दी और याचिका पर जल्द फैसला करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, 'याचिकाकर्ता याचिका को स्थानांतरित करने की अनुमति चाहता है जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा विचार किया जा सकता है। 'पीठ ने कहा, 'हम याचिकाकर्ता को एक उपयुक्त अंतरिम अर्जी दायर करने की अनुमति देते हैं और उच्च न्यायालय कम से कम अंतरिम अर्जी पर जल्द से जल्द विचार करे और इसे दायर करने के तीन दिन के भीतर इस पर निर्णय करे।' शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि उसने मामले के गुण-दोष पर कुछ भी टिप्पणी नहीं की है। बिहार में जाति सर्वेक्षण का पहला दौर 7 जनवरी से 21 जनवरी के बीच आयोजित किया गया था। दूसरा दौर 15 अप्रैल को शुरू हुआ और 15 मई तक होगा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है जहां पटना उच्च न्यायालय ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। रोहतगी ने कहा कि आने वाले चुनावों को देखते हुए सर्वेक्षण तेजी से किया जा रहा है। पीठ ने कहा, 'नौकरशाही, राजनीति, सेवा। हर क्षेत्र में काफी जातिवाद है। आप इतनी जल्दबाजी में ऐसा क्यों कर रहे हैं? इसकी क्या जरूरत है?' बिहार सरकार की ओर से पेश वकील ने कहा कि यह कवायद राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के अनुसार की जा रही है। शीर्ष अदालत उच्च न्यायालय के 18 अप्रैल के अंतरिम आदेश के खिलाफ यूथ फॉर इक्वेलिटी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में जाति-आधारित सर्वेक्षण को इस आधार पर चुनौती दी गई कि यह जनसंख्या के लिए एक नमूना के आधार पर सर्वेक्षण नहीं बल्कि जनगणना है, जिसमें सभी लोगों की घर-घर जाकर गणना करने की कवायद शामिल है, जिसे केवल केंद्र ही करा सकता है। याचिका में कहा गया, 'जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 3 और जनगणना नियम, 1990 के नियम 6ए के अनुसार, केंद्र ने बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण या जनगणना के लिए ऐसी कोई घोषणा नहीं की है।'

# आनंद मोहन की रिहाई पर बोले नीतीश, काहे हंगामा कर रहे हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** आनंद मोहन की रिहाई के बाद सूबे की सियासत गरमा गयी है। विपक्ष में भाजपा सहित महागठबंधन के घटक दल सीपीआई एमल ने भी आनंद मोहन की रिहाई को लेकर सवाल करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को इसी पर सीएम नीतीश कुमार बिफरते नजर आये। उन्होंने मीडिया से बातचीत के क्रम में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने सुशील कुमार मोदी और आनंद मोहन की मुलाकात की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि ये देखिये अभी फरवरी में ये रिहाई की मांग कर रहे थे और आज रिहाई का विरोध कर रहे हैं। यही सब तो हो रहा है। अब जब



जेल से 27 कैदियों की रिहाई हुई है तो सिर्फ एक की रिहाई पर इतने सवाल क्यों हो रहे हैं। यह सारा काम नियम और प्रवाधान के अनुसार हुआ है तो विरोध का तो कोई तुक ही नहीं बनता है। उन्होंने कहा कि 27 कैदियों की रिहाई हुई है, जिसमें से सिर्फ एक ही (आनंद मोहन की रिहाई) पर चर्चा क्यों हो रही है। मैं हैरान हूं। जब ऐसा नहीं हो रहा था तो कई लोग इसकी मांग करते थे। अब इसका विरोध कर रहे हैं।

**प्रावधान के अनुसार हुई है रिहाई :** मुख्यमंत्री अधिवेशन भवन में सिविल सेवा दिवस कार्यक्रम के बाद नीतीश कुमार ने बताया कि 2016 में केंद्र सरकार की ओर से जारी नियम के तहत ही रिहाई हुई है। उसमें आईएएस ऑफिसर को लेकर कोई प्रावधान नहीं है तरह तरह के लोग बयान दे रहे हैं जो लोग बोल रहे हैं उन्हीं से पूछना चाहिए। अब जारा आपलोग देखकर बताइए, क्या इससे अलग किसी नियम के तहत कुछ हुआ है क्या। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतने लोगों में केवल एक आदमी के बारे में जिस प्रकार से बातें की जा रही है। मुझे आश्चर्य लग रहा है। 'सुशील मोदी दो महीने पहले तक खुद आनंद मोहन की रिहाई की बात कर रहे थे और आज इसका विरोध कर रहे हैं. ये देखिये अभी फरवरी में ये रिहाई की मांग कर रहे थे और आज रिहाई का विरोध कर रहे हैं. यही सब तो हो रहा है. अब जब जेल से 27 कैदियों की रिहाई हुई है तो सिर्फ एक की रिहाई पर इतने सवाल क्यों हो रहे हैं। यह सारा काम नियम और प्रवाधान के अनुसार हुआ है तो विरोध का तो कोई तुक ही नहीं बनता है। नियम के अनुसार 14 साल या उससे ज्यादा की सजा पूरी करने के बाद प्रावधान अनुसार रिहाई तो होती ही है। यह को पॉलिटिकल चीज नहीं है, जो इस पर सवाल कर रहे हैं तो मुझे आश्चर्य हो रहा है।

# लालू से मिले सीएम नीतीश, 20 मिनट तक हुई बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** लालू प्रसाद यादव किडनी ट्रांसप्लांट के बाद पहली बार बिहार लौटे हैं। 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास पर आने के बाद से ही कार्यकर्ता पार्टी के नेता उनसे मुलाकात करने के लिए राबड़ी आवास पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी तेजस्वी यादव के साथ राबड़ी आवास पहुंचे और लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास पर पहुंचे और लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। लगभग 15- 20 मिनट चली मुलाकात के बाद नीतीश कुमार राबड़ी आवास से बाहर निकले। जब मीडिया ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने बात करने से साफ मना कर दिया। आपको बता दें कि जब से लोगों को जानकारी हुई है कि लालू प्रसाद यादव बिहार आ रहे हैं, तभी से प्रदेश के अलग-अलग जिलों से उनके समर्थक और कार्यकर्ता उनकी एक झलक पाने के लिए सुबह से राबड़ी आवास के बाहर इकट्ठा थे।राबड़ी आवास के बाहर **कार्यकताओं की भीड़:** लालू प्रसाद यादव के बिहार आते ही उनके प्रशंसक और कार्यकताओं में एक अलग सा जोश देखा जा रहा है। प्रशंसक से लेकर नेता या पार्टी के वरिष्ठ नेता, मंत्री सभी लगातार उनसे मिलने के लिए राबड़ी आवास पहुंच रहे हैं। हालांकि उनके स्वास्थ्य को देखते हुए कम ही लोगों को उनसे मुलाकात करने की अनुमति दी जा रही है। फिर भी लालू की मुलाकात की आस लिए समर्थकों के पहुंचने का सिलसिला दिन भर जारी रहा। लालू के आने से बिहार की राजनीति में हलचलें तेज हो गई हैं।

# उत्तम अग्रवाल बने मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष, प्रतीक साह सचिव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर शाख का पुर्नगठन किया गया। इसे लेकर थाना रोड स्थित काबरा कुंज में शाखा के पदाधिकारियों की बैठक राजू केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सत्र 2023-24 के लिए गठन किया गया। पर्यवेक्षक के रुप में राजेश काबरा एवं प्रमोद भगेरिया के मार्गदर्शन में नई टीम का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष उत्तम अग्रवाल, सचिव प्रतीक साह, उपाध्यक्ष अवध खिरवाल, अभिषेक केजरीवाल, कोषाध्यक्ष नरेश केडिया, सह कोषाध्यक्ष सचिन केजरीवाल, सह सचिव - कमल खेतान, संगठन मंत्री आकाश काबरा, मीडिया प्रभारी पीयूष अग्रवाल, रक्तदान संयोजक कमल खैतान, सह रक्तदान संयोजक हर्ष खिरवाल, अमृतधारा संयोजक आशीष भगेरिया, दीपक खिरवाल, जतीन साह, निशान्त अग्रवाल, वृक्षरोपण संयोजक दीपक खिरवाल, खेलकूद संयोजक मनोज खिरवाल, समाज विकास संयोजक नितेश भगेरिया, आपदा प्रबंधन समिति राजकुमार केजरीवाल, राजेश काबरा व प्रमोद भगेरिया बनाए गए। नए पदाधिकारियों का फूलों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर गजानंद काबरा समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में समर क्रिकेट कैंप 15 से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में 15 मई से स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर समर क्रिकेट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने दी है। उन्होनें बताया कि इस कैंप में 10 से 16 आयु वर्ग के बच्चों को क्रिकेट की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिला एवं राज्य स्तरीय कोच की देखरेख में बच्चों को फिजिकल फिटनेश, क्षेत्ररक्षण,



गेंदबाजी एवं बल्लेजी के गुर सिखाए जाएंगे। लगभग 20 दिनों तक चलने वाले इस कैंप का समापन रविवार 4 जून को होगा। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव ने बताया कि इस कैंप में पश्चिमी सिंहभूम जिले का कोई भी खिलाड़ी निर्धारित शुल्क जमा कर अपना निबंधन करा सकता है। सीट सीमित होने के कारण पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर बच्चों का एडमिशन लिया जाएगा। इस कैंप के प्रथम चरण में बच्चों के शारीरिक क्षमता बढ़ाने एवं क्रिकेट की बारीकियाँ सीखाने पर बल दिया जाएगा जबकि दूसरे चरण में क्रिकेट मैचों का आयोजन कर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव ने बताया कि इच्छुक बच्चे अथवा उनके माता, पिता या अभिभावक 5 मई तक जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में सुबह 9:00 बजे से 12 बजे तक तथा अपराह्न 4:00 बजे से 6:00 तक निर्धारित शुल्क जमा कर अपने बच्चों का निबंधन करा सकते हैं।

## चरवाहा किशोर समेत दो बकरी की मौत

**जामा।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका देवघर मुख्य मार्ग पर महारों के पास टैंकर के चपेट में आने से एक 16 वर्षीय युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दौरान हाईवा भागने में सफल रहा। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मृतक का पहचान सरसाबाद गांव के रहने वाले मोहन चालक के पुत्र 16 वर्षीय सूरज चालक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक बकरी चरा कर अपने घर लौट रहा था तभी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया। जामा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजवाया।

# मालपहाड़ी रेलवे साइडिंग का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** शुक्रवार शाम को उपायुक्त वरुण रंजन के द्वारा मालपहाड़ी रेलवे साइडिंग का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मालपहाड़ी स्थित सीबी स्टोन, जीएलदास कम्पनी के क्रशरों का निरीक्षण किया एवं मौके पर स्टॉक रजिस्टर की माँग की गई जिसे कंपनी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। सीबी स्टोन के क्रशर को तत्काल रूप से सीलबंद कर दिया गया है एवं संचालन बंद करने हेतु निर्देश दिया गया। खपड़ाजोला स्थित एमएमसी कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा स्टॉक रजिस्टर दिखाया गया है जिसे जाँच हेतु रखा गया है। मौके



पर विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार, पाकुड़ अंचलाधिकारी आलोक वरण केसरी एवं माइनिंग इंस्पेक्टर पिंटु कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से मिले झामुमो नेता, उर्दू स्कूलों के पुनः संचालन की मांग की

## 99 जगह मात्र 26 चिकित्सक हैं कार्यरत, महिला और बच्चों की डॉक्टर नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** झामुमो के पूर्व केंदीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला प्रवक्ता शाहिद इकबाल ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर पाकुड़ के ज्वलंत समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्हें एक आवेदन पत्र सौप कर शीघ्र निदान की दिशा में कदम उठाने का अनुरोध किया है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद पाकुड लौटे झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। श्री इकबाल ने कहा कि लगभग 13 वर्ष पहले फरक्का गंगा फीडर कैनल से पाईप बिछाकर पूरे पाकुड़ शहर को जलापूर्ति के लिए टेंडर हुआ था। जो आज तक पूरा नहीं हुआ। पीएचडी विभाग के सुस्त रवैया के कारण पाकुड़ में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इसे अविलंब किर्यान्वित करने की मांग की है। पाकुड़ जिला मुख्यालय में हरिणडांगा बाजार गांधी चौक के



निकट स्थित हरिणडांगा उर्दू मध्य विद्यालय के साथ-साथ पाकुड़ जिले के सभी प्रखंड के उर्दू विद्यालयों को अन्य विद्यालयों में हुए विलय को रद्द कर पुनः उसमें पठन-पाठन का कार्य चलाने की मांग भी की है। वहीं सभी मध्य विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की बहाली पर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया है। झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल यह भी कहा है कि पाकुड़ जिले में कुल 99 डॉक्टर का पद है। जिसमें मात्र 26 डॉक्टर कार्यरत है। नर्सों की भी कमी है। महिला और बच्चों के लिए कोई डॉक्टर नहीं है। पाकुड़ जिला मुख्यालय का सदर अस्पताल की भी यही स्थिति है। डॉक्टर, नर्स की कमी है। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी के जांच विशेषज्ञ भी नहीं है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीमार व्यक्तियों, बच्चों और महिलाओं की क्या स्थिति होती होगी। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर पहल करने का आश्वासन दिया है। जिले की कई और भी अहम समस्याओं से भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया गया।

## एक नजर में

### एसपी कॉलेज के अनुबंध सहायक प्राध्यापकों में खुशी का माहौल

**दुमका।** राज्य के विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत कॉलेजों में अनुबंध पर कार्य कर रहे प्रोफेसरों के विगत गुरुवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में वेतनमान निर्धारण से सभी सहायक प्राध्यापकों ने खुशी जाहिर की। संताल परगना कॉलेज में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित कर इन सहायक प्राध्यापकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षकों ने कहा कि अभी तक इन सहायक प्राध्यापकों को कक्षा के आधार पर वेतन दिया जाता था। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी कॉलेज की अध्यक्ष प्रो प्रतिभा किस्कू ने बताया कि वेतनमान का यह निर्धारण निश्चय ही हमारे लिए सकारात्मक कार्य है। इससे जहां हमारे व्यक्तिगत जीवन पर प्रभाव पड़ेगा। राज्य की उच्च शिक्षा को और अधिक मजबूत करने में ऊर्जा प्राप्त होगी। इसके बाद डॉ कुमार सौरभ ने कहा कि लंबे समय से यह मांग चली आ रही थी। मुख्यमंत्री लगातार आश्वस्त भी करते थे। निश्चय ही उन्होंने यह कर दिखाया जिससे हमें बहुत मजबूती मिलेगी। डॉ विश्वनाथ यादव ने कहा कि यह वेतन निर्धारण हमारे कैरियर और जीवन दोनों को नए आयाम देगा। कार्यक्रम को अन्य शिक्षकों ने संबोधित किया। जिनमें लीना मुर्मू, प्रो बसंती हांसदा, प्रो श्वेता बास्की, डॉ निशा कुमारी, डॉ पूजा गुप्ता, प्रो कृष्णा कुमारी, प्रो वर्षा कुमारी, प्रो निर्मल मुर्मू, डॉ यदुवंश, डॉ अविनाश हांसदा, डॉ नृपेंद्र पाठक, डॉ अब्दुर रहीम, प्रो सनातन मुर्मू, डॉ किलिस मरांडी, डॉ अनिता राज हेम्ब्रम शामिल रहे। विश्वविद्यालय के अधिकारी, राज्य उच्च शिक्षा विभाग सहित मुख्यमंत्री को समान रूप से आभार अभिनंदन प्रस्तुत किया।

### पीडीएस दुकानदार की शिकायत लेकर दर्जनों लाभुक समाहरणालय पहुंचे

**दुमका।** जिले के मसलिया प्रखंड के बड़ा डुमरिया के दर्जनों ग्रामीण शुक्रवार को डीसी से मिलने समाहरणालय पहुंचे। ग्रामीणों की शिकायत है कि पीडीएस दुकानदार महादेव मिर्धा द्वारा 4 महीने से राशन का वितरण नहीं किया गया है। एमओ के प्रभार में बीडीओ हैं। उनसे शिकायत करने के बाबजूद समाधान नहीं हुआ। तीन दिन पूर्व ग्रामीणों ने डीसी को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाबजूद जब राशन नहीं मिला तो लाभुक राशन कार्ड लेकर डीसी से राशन की मांग करने पहुंचे है। ग्रामीणों का कहना है कि इस वर्ष वर्षा के अभाव में धान की खेती नहीं हुई। पीडीएस दुकान से मिलने वाला राशन ही कई लोगों के जीवन का आधार है। 4 महीने से राशन नहीं मिलने से भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस बाबत जिला आपूर्ति अधिकारी बंका राम ने कहा कि मामला संज्ञान में आने के बाद इस मामले की जांच की गई। जांच में ग्रामीणों की शिकायत सही पाए जाने पर पीडीएस दुकानदार का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। लाभुकों को दूसरे पीडीएस दुकानदार के साथ जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि निलंबित पीडीएस दुकानदार महादेव मिर्धा द्वारा लाभुकों के बीच 4 महीने के राशन का वितरण कराया जाएगा। चुकी जांच में पाया गया कि उसने लाभुकों को वितरित करने के लिए राशन का उठाव किया है। यहां बता दें कि यह कोई पहला मामला नहीं जब लाभुक पीडीएस दुकानदार की शिकायत लेकर समाहरणालय पहुचे हो। इसके पूर्व भी कई बार समाहरणालय परिसर में इस तरह का नजारा देखने को मिल चुका है। शिकायत मिलने पर प्रशासन द्वारा संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता पर कार्रवाई भी हो चुकी है।

### फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी लेने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक को सजा, 50 लाख जुमार्ना

**दुमका।** गलत काम करने वालों को एक न एक दिन कर्म की सजा मिल ही जाती है। सरैयाहाट के एक सेवानिवृत्त शिक्षक सुखदेव मंडल ने फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी की और सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी प्रावधान का लाभ भी उठाया। विभाग ने जब सरकारी राशि जमा करने के आदेश दिया तो मुकर गए। 12 साल तक चले मुकदमे के बाद शुक्रवार को अदालत ने दोषी पाकर सजा सुनाई। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत ने शिक्षक को तीन धारा में छह साल की सजा और 50 लाख रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि सरकारी कोष में जमा नहीं करने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सजा की खास बात यह है कि तीन धारा में सुनाई गई सजा एक साथ नहीं चलेगी। पहले तीन, फिर दो और अंत में एक साल की सजा काटनी होगी। सरकार की ओर से एपीपी खुशबूददीन अली ने बहस की। इस केस में केवल एक की गवाही दर्ज कराई गई।

### किशोरी से दुष्कर्म के अभियुक्त को आजीवन कारावास, जुमार्ना

**दुमका।** किशोरी से दुष्कर्म करने वाले सपना कोल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं जुमार्ना किया है। सजा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम रमेश चंद्रा की अदालत ने शुक्रवार को सुनाया। न्यायालय ने पोक्सों एक्ट 4 में आजीवन कारावास एवं 20 हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। वहीं पोक्सो एक्ट 8 में चार साल की सजा और 10 हजार जुमार्ना किया है। जुमार्ना की राशि जमा नहीं करने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामला तीन साल पहले जामा थाना क्षेत्र की है। जहां रामगढ़ प्रखंड के एक गांव की रहने वाली बालिका 21 जून 20 को जामा में रहने वाले बड़े चाचा के घर आई थी। 26 जून की शाम घर के सदस्य गांव में किसी के घर गए थे। बच्ची घर में अकेली थी। इसी बीच पड़ोस का सपन कोल घर में घुस आया और बालिका से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। शोर मचाने पर आरोपित ने जान मारने के साथ खानदान को समाप्त करने की धमकी दी। धमकी की वजह से बालिका चाहकर भी विरोध नहीं कर सकी। युवक गंदा काम करने के बाद भाग गया। जाते समय किसी को नहीं बताने की धमकी भी दी। दुष्कर्म से सहमी बालिका ने अगले दिन घरवालों को सारी बात बताई। बात गांव की पंचायत तक पहुंची। पंचायती के बाद भी किसी तरह का फैसला नहीं होने पर प्रधान ने पुलिस के पास जाने की सलाह दी। शाम को बालिका ने परिजन के साथ जामा थाना जाकर सारी बात बताई। पुलिस ने सपन के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तार कर जेल भेज दी। केस में कुल 11 गवाहों की गवाही हुई। अदालत में बचाव पक्ष से बहस अधिवक्ता विवेक नंदन और एपीपी चंपा कुमारी कर रही थी।

# घर में ही पस्त हुआ पंजाब, लखनऊ ने दर्ज की बड़ी जीत

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.939 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.841 |
| गुजरात | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.580 |
| चेन्नई | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.376 |
| बेंगलुरु | 8 | 4 | 4 | 8 | -0.139 |
| पंजाब | 8 | 4 | 4 | 8 | -0.510 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.027 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.620 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.725 |
| दिल्ली | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.961 |

**पर्पल कैप**



मोहम्मद सिराज
बेंगलुरु
विकेट: 14

**औरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 422



एजेंसी

**मोहाली।** मोहाली में खेले गये आइपीएल 2023 के 38वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंजाब किंग्स को 56 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में 257/5 का स्कोर बनाया, जवाब में पंजाब किंग्स 19.5 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 201 रन ही बना पाई। लखनऊ के लिए नवीन उल हक ने बेहतरीन गेंदबाजी की और सबसे ज्यादा विकेट चटकाए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए काइल मेयर्स ने तेज शुरूआत की और कप्तान केएल राहुल के साथ मिलकर 3.2 ओवर में पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। राहुल 9 गेंदों में 12 रन बनाकर कगिसो रबाडा का शिकार बने। मेयर्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखी और अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 24 गेंदों में सात चौके और चार छक्कों की मदद से 54 रन बनाये। यहां से आयुष बदोनी और मार्कस स्टोइनिस की धमाकेदार बल्लेबाजी देखने को मिली और दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 47 गेंदों में 89 रन जोड़कर स्कोर को 163 तक पहुंचाया। बदोनी ने 24 गेंदों में तीन चौके और इतने ही छक्कों की मदद से 43 रन बनाये। स्टोइनिस अर्धशतक जड़ने में कामयाब रहे और उन्होंने 40 गेंदों में 72 रनों की धुआंधार पारी खेली। निकोलस पूरन ने भी तूफानी पारी खेली और अपनी टीम के स्कोर को 250 के पार ले गए। उन्होंने आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 19 गेंदों में 45 रन बनाये। लखनऊ ने आइपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। दीपक हूडा 11 और क्रुणाल पांड्या 5 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स के लिए कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिए। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरूआत खराब रही। कप्तान शिखर धवन सिर्फ 1 रन बनाकर मार्कस स्टोइनिस का शिकार बने। प्रभसिमरण सिंह भी 13 गेंदों में 9 रन बनाकर चलते बने। यहां से अथर्व तायडे ने सिकंदर रजा के साथ मिलकर अर्धशतकीय साझेदारी की और स्कोर को 100 के पार पहुंचाया। रजा 22 गेंदों में 36 रन बनाकर 109 के स्कोर पर आउट हुए। तायडे ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा और 36 गेंदों में 66 रनों की तूफानी पारी खेली। लियाम लिविंगस्टोन ने 23 और सैम करन ने 21 रन बनाये। जितेश शर्मा ने 10 गेंदों में 21 रन बनाये। निचले क्रम के बल्लेबाज एक के बाद एक आउट होते गए और पूरी टीम एक गेंद शेष रहते ही ढ़ेर हो गई। लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से नवीन उल हक ने तीन विकेट झटके।

### राहुल ने बल्लेबाजों को दिया जीत का श्रेय

मैच में जीत के बाद लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने कहा कि वह इस विशाल स्कोर तक पहुंच पाए, क्योंकि उनके पास मार्कस स्टोइनिस और काइल मायर्स जैसे बल्लेबाज हैं। इसके साथ उन्होंने कहा कि युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी और दीपक हुड्डा भी शानदार खेला रहे हैं ।राहुल ने कहा, खुशी है कि हमें जीत मिली। अब से हर मैच काफी अहम होगा। आखिरी गेम के बाद हमने ब्रेक लिया था। हम उसके बाद फ्रेश होकर वापस आए। हम स्पष्ट थे कि कैसे बल्लेबाजी करनी है। जब आप ऐसे विकेट देखते हैं तो आप बल्लेबाज के रूप में उत्साहित हो जाते हैं। 250 रन बनाना बताता है कि हमने कैसी बल्लेबाजी की। आप जो उम्मीद कर सकते हैं उससे परिचित हैं। सिर्फ विकेटों से परिचित होने से मदद मिलती है। हम हमेशा शुरूआत में टोन सेट करने की बात करते हैं। हमारे पास काइल मायर्स, मार्कस स्टोइनिस जैसे लोग थे। आयुश बडोनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और दीपक हुड्डा भी। हमार थिंक टैंक ज्यादातर सोचता है और मैं यह समझने की कोशिश करता हूं कि वे क्या सोच रहे हैं और अगर यह हमें सूट करता है, तो हम योजना के साथ आगे बढ़ते हैं।रमैच की बात करें तो काइल मायर्स और मार्कस स्टोइनिस की आक्रामक पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आइपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने के बाद पंजाब किंग्स को शुक्रवार को आइपीएल के मैच में 56 रन से हरा दिया

### ज्यादा रन देने का खामियाजा भुगतना पड़ा : धवन

**मोहाली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ आइपीएल के विशाल स्कोर वाले मैच में 56 रन से मिली हार के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने कहा कि उनकी टीम को फालतू रन देने का खामियाजा भुगतना पड़ा। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर लखनऊ ने पांच विकेट पर 257 रन बनाये जो आइपीएल का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। जवाब में पंजाब की टीम एक गेंद बाकी रहते 201 रन पर आउट हो गयी। धवन ने कहा हमने बहुत रन फालतू दिये जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी के फैसले पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को लेकर उतरने की रणनीति गलत साबित हुई जबकि केएल राहुल ने एक अतिरिक्त स्पिनर उतारा था। मैने कुछ बदलने की कोशिश की जो आज नहीं चली लेकिन कोई बात नहीं। मेरे लिये यह अच्छा सबक है और अब मजबूती से वापसी करूंगा।

### स्कोर कार्ड

**लखनऊ : 257/5 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| राहुल कै. शाहरुख बो. रबाडा | 12 | 09 | 1/1 |
| मेयर्स कै. धवन बो. रबाडा | 54 | 24 | 7/4 |
| बदोनी कै. राहुल बो. लिविंगस्टन | 43 | 24 | 3/3 |
| स्टॉयनिस कै. जितेश बो. सैम करन | 72 | 40 | 6/5 |
| पूरन एलबीडब्ल्यू बो. अर्शदीप | 45 | 19 | 7/1 |
| दीपक हूडा नाबाद | 11 | 06 | 2/0 |
| क्रुणाल पंडया नाबाद | 05 | 02 | 1/0 |

अतिरिक्त : 15

विकेट पतन: 1-41, 2-74, 3-163, 4-239, 5-251.

गेंदबाज : गुरनूर ब्रार : 3-0-42-0, अर्शदीप सिंह : 4-0-54-1, कगिसो रबाडा : 4-0-52-2, सिकंदर रजा : 1-0-17-0, राहुल चाहर : 4-0-29-0, सैम करन : 3-0-38-1, लियाम लिविंगस्टन : 1-0-19-1.


**पंजाब: 201/10 (19.5 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन कै. नवीन बो. सैंस | 09 | 13 | 2/0 |
| धवन कै. क्रुणाल बो. स्टॉइनिस | 01 | 02 | 0/0 |
| तायडे कै. एंड बो. बिश्नोइ | 66 | 36 | 8/2 |
| सिकंदर कै. क्रुणाल बो. यश | 36 | 22 | 4/1 |
| लिविंगस्टन एलबीडब्ल्यू बो. रवि | 23 | 14 | 2/1 |
| सैम करन कै. बदोनी बो. नवीन | 21 | 11 | 2/1 |
| जितेश शर्मा कै. राहुल बो. यश | 24 | 10 | 0/3 |
| शाहरुख खान कै. बिश्नोई बो. यश | 06 | 09 | 0/0 |
| राहुल चहर कै. दीपक बो. यश | 00 | 01 | 0/0 |
| कागिसो रबाडा बोल्ड नवीन | 00 | 01 | 0/0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

अतिरिक्त : 13

विकेट पतन: 1-3, 2-31, 3-109, 4-127, 5-152, 6-178, 7-192, 8-193, 9-197, 10-201.

गेंदबाज: मार्कस स्टॉयनिस : 1.5-0-21-1, काइली मेयर्स : 1-0-4-0, आयुष बदोनी : 0.1-0-0-0, नवीन-उल-हक : 4-0-30-3, आवेश खान : 2-0-28-0, अमित मिश्रा : 2-0-23-0, बिश्नोई : 4-0-41-2, यश ठाकुर : 3.5-0-37-4, क्रुणाल पंड्या : 1-0-13-0.








## हॉकी के नये कोच क्रेग फुल्टन भारत पहुंचे

**नयी दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच क्रेग फुल्टन शुक्रवार सुबह दिल्ली पहुंचे और भारतीय हॉकी अधिकारियों के साथ मुलाकात की। फुल्टन (48) शाम को वह बेंगलुरु के लिए उडान भरेंगे जहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) बेंगलुरु में राष्ट्रीय कोचिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है। गौरतलब है कि मार्च 2023 में हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरूष हॉकी टीम के मुख्य कोच के लिए फुल्टन को नाम का चयन किया था। उनके पास 25 वर्षों को कोचिंग का अनुभव है और आइरिस पुरूष हॉकी टीम और मौजूद हॉकी ऑलंपिक चैपियन बेल्जियम के साथ सहयोग के दौरान कई मील के पत्थर हासिल किये हैं।

## हैदराबाद के खिलाफ लगातार दूसरी जीत चाहेगा दिल्ली

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार पांच हार के बाद पिछले दो मैचों में जीत दर्ज करने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी उम्मीदें बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की होगी। पिछले दोनों मैचों दिल्ली को जीत दिलाने में गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। टीम का पिछला मुकाबला भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ही थी। हैदराबाद में खेले गये कम स्कोर वाले इस मैच को दिल्ली ने सात रन से जीता था। दिल्ली के कप्तान डेविड वार्नर ने अपनी पूर्व टीम के खिलाफ गेंदबाजों का शानदार इस्तेमाल किया था। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने हैदराबाद के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया और फिर आखिरी ओवर में मुकेश कुमार ने शानदार तरीके से 12 रन का बचाव किया। इस मुकाबले में इशांत शर्मा और एनरिच नोर्किया ने भी प्रभावित किया। टीम के लिए परेशानी का सबसे उसकी बल्लेबाजी है। पिछले मुकाबले में टीम ने 62 रन पर पांच विकेट गंवा दिया था। मनीष पांडे और अक्षर पटेल की संयमित बल्लेबाजी से दिल्ली ने 20 ओवर में 128 रन बनाये थे। वार्नर ने ज्यादातर मैचों में टीम की बल्लेबाजी का बोझ उठाया है लेकिन दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिलने के कारण वह खुल कर नहीं खेल पा रहे हैं।

## रहाणे का भारतीय टीम में जगह बनाना तय था, रवि शास्त्री ने दिया बड़ा बयान

**नयी दिल्ली।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि श्रेयस अय्यर के पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर' के कारण बाहर होने के बाद अजिंक्य रहाणे का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना तय था। डब्ल्यूटीसी का फाइनल सात से 11 जून तक लंदन के ओवल में खेला जाएगा। शास्त्री ने 2014 से 2021 के बीच सात में से छह वर्षों के लिए भारतीय टीम को कोचिंग दी है। उन्होंने उन लोगों पर कटाक्ष किया जिन्हें लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग में तीन बेहतरीन पारियां खेलने से रहाणे को भारतीय टीम के लिए चुना गया। शास्त्री ने कहा, ऐसे लोग शायद छुट्टी पर होंगे जब रहाणे ने घरेलू सत्र में 600 (रणजी ट्रॉफी) से अधिक रन बनाये। उसने आइपीएल में खेले गए इन दो-तीन मैचों में खूबसूरती से बल्लेबाजी की है, वह शानदार फॉर्म में दिख रहा है। उसके पास मौजूद अनुभव को नहीं भूलना चाहिए। जिस समय श्रेयस अय्यर चोटिल हुए थे, आपको उस दिशा में देखना था। रहाणे की अगुवाई में भारत ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। इसे विदेशी सरजमीं पर भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत में से एक माना जाता है।

## प्रभात जयसूर्या ने रचा इतिहास, तोड़ा 71 साल पुराना रिकॉर्ड, बने नंबर-1 स्पिनर

एजेसी

**नयी दिल्ली।** श्रीलंका के स्पिन के जादूगर प्रभात जयसूर्या ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बीच नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपने महज 7वें टेस्ट में ही 50 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए हैं। अब वह रेड-बॉल क्रिकेट में पिछले 71 सालों में किसी भी अन्य स्पिनर की तुलना में कम मैचों में 50 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज बन गये हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरी पारी में आयरिश सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को गाले में टेस्ट के अंतिम दिन आउट कर जयसूर्या ने अपने 50 टेस्ट विकेट पूरे किए। वेस्टइंडीज के पूर्व स्पिनर अल्फ वेलेंटाइन ने इससे पहले यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। वेलेंटाइन ने 31 दिसंबर 1951 को ये रिकॉर्ड बनाया था। वह 8 टेस्ट मैचों में 50 विकेट के साथ शीर्ष स्पिनर थे, लेकिन जयसूर्या ने अपने 7वें टेस्ट में ही उनका ये रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा जयसूर्या अब दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज वर्नोन फिलेंडर और इंग्लैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय टॉम रिचर्डसन के साथ संयुक्त रूप खड़े हैं। इन दोनों पूर्व दिग्गजों ने तेज गेंदबाज के रूप में 7 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय चार्ली टर्नर के नाम अभी भी सबसे तेज 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने सिर्फ छह मैचों में 50 विकेट पूरे किए थे। गौरतलब है कि उन्होंने यह रिकॉर्ड 1888 में बनाया था और 135 साल बाद भी कोई इसे तोड़ नहीं पाया है।

## सेतु एफसी ने चर्चिल ब्रदर्स को 6-0 से दी करारी शिकस्त

**अहमदाबाद।** काजोल डिसूजा के चार गोल की मदद से सेतु एफसी ने इंडियन वूमेंस लीग (आइडब्ल्यूएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले चरण के अंतिम मैच में शुक्रवार को यहां चर्चिल ब्रदर्स को 6-0 से करारी शिकस्त दी। भारत की युवा टीम की सदस्य कोमल ने अपने चारों गोल पहले हाफ में किए। उनके अलावा विजेता टीम की तरफ से सुनीता मुंडा और कीनिया की फॉरवर्ड इवी फेथ एटिनो ने एक एक गोल किया। इस जीत से सेतु एफसी ग्रुप सी में ओडिशा एससी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहा।

## मुंबई नाइट्स एफसी बैक टू बैक जीत की तलाश में

**अहमदाबाद।** मुंबई नाइट्स एफसी ने अपने आईडब्ल्यूएल 2023 अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए कहानी एफसी को 1-0 से हराकर तीन अंक हासिल किये। मुंबई नाइट्स एफसी ने अपने ग्रुप स्टेज अभियान की शानदार शुरूआत की। हैवीवेट और डिफेंडिंग चैंपियंस गोकुलम केरल एफसी, स्पोर्ट्स ओडिशा, मिसाका यूनाइटेड एफसी और मुंबई नाइट्स एफसी सभी ने अपने शुरूआती मैच जीते।

## ताइक्वांडो : रेफरी कोर्स एवं ब्लैक बेल्ट परीक्षा शुरू

**लखनऊ।** स्पर्धा के नियमों में बदलाव, कोचिंग के नवीनतम तरीकों व तकनीक में परिवर्तन की जानकारी देने के लिए ताइक्वांडो अकादमी ऑफ इंडिया (टीएआई) के तत्वाधान में आयोजित नेशनल इंस्ट्रक्टर कोर्स, नेशनल रेफरी कोर्स (पूमसे और क्योरगी) व ब्लैक बेल्ट परीक्षा सेमिनार की शुरूआत ताइक्वांडो जिम्नेजियम, लालबाग लखनऊ में शुक्रवार को हो गयी। तीन दिवसीय इस सेमिनार का उद्घाटन अखिल भारतीय उद्योग मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष सुधीर हलवासिया व फाउंडर एंड फादर ऑफ ताइक्वांडो इन इंडिया ग्रैंड मास्टर जिमी आर जगतियानी ने किया।

## आधे उम्मीदवारों ने पास की फीफा फुटबॉल एजेंट परीक्षा



**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल बाजार में स्थानांतरण सेवाएं प्रदान करने के लिए जरूरी लाइसेंस के लिये फीफा के आधे से ज्यादा उम्मीदवारों ने फुटबॉल एजेंट परीक्षा उत्तीर्ण की है। फीफा ने जारी बयान में कहा कि 19 अप्रैल को कुल 3,800 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी जिनमें 1,962 उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि शुरूआत में 6,586 लोगों ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया था, लेकिन फीफा को केवल 3,800 परीक्षा प्रस्तुतियाँ प्राप्त हुईं।

## कुश्ती महासंघ प्रमुख के खिलाफ दो प्राथमिकी प्रदर्शनकारी पहलवानों का बढ़ रहा समर्थन



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रदर्शनकारी पहलवानों के लिये लगातार बढ़ रहे समर्थन के बीच दिल्ली पुलिस ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ सात महिला पहलवानों द्वारा लगाये गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के सिलसिले में शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज की। दिल्ली पुलिस की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की उच्चतम न्यायालय की पीठ को बताया कि प्राथमिकी शुक्रवार को दर्ज की जाएगी। पहली प्राथमिकी एक अवयस्क पहलवान के आरोपों पर पोस्को कानून के तहत दर्ज की गई जबकि दूसरी मयार्दा को ठेस पहुंचाने के संबंध में है।

मेहता की दलील के बाद यहां के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने जीत की ओर पहला कदम करार दिया। उन्होंने हालांकि कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के इस सांसद को उनके सभी पदों से हटाये जाने तक अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। डब्ल्यूएफआइ प्रमुख पर यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने का आरोप लगाने वाले पहलवान 23 अप्रैल को अपना आंदोलन दोबारा से शुरू करने के बाद से उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। फिल्म और खेल जगत और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारी पहलवानों का समर्थन किया और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने तुरंत कार्रवाई की मांग की। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता ने कहा कि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये खिलाड़ियों में चोपड़ा के अलावा मुक्केबाज निकहत जरीन, टेनिस स्टार सानिया मिर्जा, हॉकी स्टार रानी रामपाल, क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, इरफान पठान और मदन लाल ने भी पहलवानों का समर्थन किया। स्वरा भास्कर ने ट्वीट किया, शर्मनाक है कि हमारे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को यौन उत्पीड़न के मामले में सड़कों पर प्रदर्शन करना पड़ रहा है लेकिन दोषी भाजपा सांसद को सरकार लगातार बचा रही है। उच्चतम न्यायालय की पीठ बृजभूषण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं किये जाने पर सात महिला पहलवानों की याचिका पर सुनवाई कर रही है। पहलवानों की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने एक सीलबंद कवर में हलफनामा दर्ज किया जिसमें यौन उत्पीड़न की कथित आरोपी नाबालिग लड़की की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है। पीठ ने इस संबंध में दिल्ली पुलिस आयुक्त को नाबालिग लड़की को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश दिये हैं ।

किसी का नाम लिये बिना सिब्बल ने कहा कि इस व्यक्ति के खिलाफ 14 मामले लंबित है जिनमें से एक धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत है। इस बीच साक्षी मलिक ने जंतर-मंतर पर संवाददाताओं से कहा, यह जीत की ओर पहला कदम है, लेकिन हमारा विरोध जारी रहेगा। पहलवानों ने जंतर-मंतर पर बृजभूषण के खिलाफ चल रही सभी आपराधिक कार्यवाही को सूचीबद्ध करने वाला एक बड़ा बैनर लगाया है। पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि दिल्ली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने में छह दिन लग गए और उन्हें जांच एजेंसी पर भरोसा नहीं है। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश ने कहा, वह (पुलिस) एक कमजोर प्राथमिकी दर्ज कर सकती है। हम देखेंगे, निरीक्षण करेंगे और फिर निर्णय लेंगे (विरोध प्रदर्शन खत्म करने पर)।

## पेज 1 का शेष

### सिर्फ अमीरों नहीं...

गरीबों को भी एयर एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध कराने की मंशा हमारी सरकार की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनेता हो, सरकारी कर्मचारी हो या आम नागरिक सबके लिए स्वास्थ्य सेवा एक समान होना चाहिए। एयर एंबुलेंस सेवा मील का पत्थर साबित होगी। **घायलों को ससमय अस्पताल पहुंचायेंगे :** सीएम ने कहा यहां बड़े पैमाने पर लोग एयर एंबुलेंस का उपयोग कर दूसरे राज्यों में बेहतर चिकित्सा के लिए जाते हैं। कभी-कभी ऐसी परिस्थिति उत्पन्न होती है, जहां समय का अभाव रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि जगह-जगह सड़क के किनारे हेलीपैड बने और भीषण सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को ससमय अस्पताल पहुंचाया जा सके। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी चुनौती भी हम लोग देख रहे हैं उन चुनौतियों से कैसे निपटा जाये। समस्याओं का निराकरण कैसे हो, इस पर सरकार गंभीरता से नजर रख रही है। बेहतर प्रयास करने की सोच सरकार ने राज्य वासियों के समक्ष रखा है और उम्मीद करते हैं कि इस इस सेवा से कई लोगों की जान सुरक्षित होगी। शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसी सामाजिक आधारभूत संरचना को विकसित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयत्नशील हैं। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक इरफान अंसारी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक केएल अग्रवाल, कैप्टन एसपी सिन्हा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### राज्य सरकारें...

**मामले में देरी अवमानना होगा :** जस्टिस केएम जोसफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ ने नफरत फैलाने वाले भाषणों को गंभीर अपराध बताया जो देश के धार्मिक तानेबाने को नुकसान पहुंचा सकते हैं। पीठ का यह आदेश पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की याचिका पर आया है जिन्होंने पहले दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों के खिलाफ मामले दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। पीठ ने शुक्रवार को कहा कि उसका 21 अक्टूबर, 2022 का आदेश अब सभी राज्यों व क्षेत्रों के लिए प्रभावी रहेगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामले दर्ज करने में देरी को कोर्ट की अवमानना माना जायेगा। यह टिप्पणी तब की गयी, जब शीर्ष अदालत हेट स्पीच के मामलों के खिलाफ कार्रवाई करने में राज्यों द्वारा कथित निष्क्रियता दिखाने के बैच की सुनवाई कर रहा था। हेट स्पीच देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित करने में सक्षम है।

### पीएम मोदी ने...

इसी में अब 103.6 मीटर फ्रीक्वेंसी पर एफएम गोड्डा जिला मुख्यालय से 20 किमी की दूरी तक सुनाई देगा। कार्यक्रम दिल्ली से प्रसारित होंगे। लोग विविध भारती और संगीत के अलावा समाचार भी एफएम पर सुन पायेंगे। उल्लेखनीय है कि पीएम ने कुल 91 एफएम ट्रांसमीटर सेंटर का ऑनलाइन उद्घाटन किया, जिसमें झारखंड के तीन जिलों को एफएम की सौगात मिली। एफएम का उद्घाटन आज सुबह 10:30 बजे किया गया। इस मौके पर केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और राज्य मंत्री सूचना प्रसारण डॉ एल मुरुगन भी मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा...

**सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती :** वहीं इस मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अधिवक्ता नवनेश सिन्हा ने बताया कि इस पूरे मामले में कुल 11 लोगों की गवाही कोर्ट में दर्ज करायी गयी थी। उन्होंने कहा कि अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने, गवाहों और बयान एवं साक्ष्य के आधार पर अपना फैसला सुनाया। अधिवक्ता ने कहा कि हम इस फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे। **2019 में मामला दर्ज हुआ था :** कोडरमा पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल की थी और एक वीडियो रिकॉर्डिंग देखने के बाद 14 मई 2019 को अन्नपूर्णा देवी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की थी। इस मामले को लेकर सुनवाई चल रही थी, जिस पर कोर्ट ने आज अपना फैसला सुनाया।

### ठोस जवाब...

लैब में खाद्य पदार्थों की किस-किस तरह की जांच होती है। इन सारी चीजों के बारे में हाईकोर्ट ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। मामले में एमिकस क्यूरी पीयूष पोद्दार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य में कई जिलों में फूड सेफ्टी अफसर नहीं है। जिस पर सरकार की ओर से कहा गया कुछ सेफ्टी अफसरों की नियुक्ति हुई है और कुछ की नियुक्ति प्रक्रिया जीपीएससी के माध्यम से चल रही है।

### आतंक को बढ़ावा ...

राजनाथ ने कहा कि 'यदि कोई राष्ट्र आतंकवादियों को आश्रय देता है, तो वह न केवल दूसरों के लिए बल्कि स्वयं के लिए भी खतरा बन जाता है। युवाओं का कट्टरवाद न केवल सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय है, बल्कि यह समाज की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के मार्ग में भी एक बड़ी बाधा है। **सभी मिल कर आतंकवाद का खात्मा करें :** बैठक में रक्षा मंत्री ने कहा कि 'अगर हम एससीओ को एक मजबूत और अधिक विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय संगठन बनाना चाहते हैं, तो हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने की होनी चाहिए। भारत ने नयी दिल्ली में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की, जिसमें भारत, रूस, चीन और अन्य सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने एससीओ के सदस्य देशों से सामूहिक रूप से आतंकवाद को उसके सभी रूपों को खत्म करने की दिशा में काम करने और ऐसी गतिविधियों में सहायता या धन देने वालों पर जवाबदेही तय करने का आह्वान किया। भारत ने हमेशा 'आइए साथ-साथ चलें और साथ-साथ आगे बढ़ें' के सिद्धांत का पालन किया है।

### दोनों संस्थान...

वह ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के समारोह में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। हेमंत ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में हम कैसे बेहतर कर सकें, यह जानने और हजारों की संख्या में बैठे बच्चों से सीखने आज मैं यहां आया हूं। इसके साथ अच्छी चीजों को अपनाना चाहिए। आज संस्था के लिए कुछ तो मैं ला नहीं सका। लेकिन, मैं अपने एक माह का वेतन इस संस्थान को दूंगा।

**आदिवासी बच्चे विदेशों में उच्च शिक्षा ले रहें हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा आज यह मंच हमें बहुत कुछ सोचने पर विवश करता है। बड़ी मुश्किल से आदिवासी समाज से आने वाला एक आदिवासी राज्य के सिर्फ पद पर पहुंचता है। 2019 दिसंबर से राज्य के विकास के लिए कार्य करने का अवसर मिला। लेकिन कोरोना संक्रमण काल में विकास की गति को कुछ समय के लिए रोक दिया। इसके बाद जब जीवन सामान्य हुआ तो

